# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 19 दिसंबर 2025




## मोदी को 'ऑर्डर ऑफ ओमान'

*मस्कट। ओमान के सुलतान हैसम बिन तारिक ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योगदान के लिए गुरुवार को उन्हें विशेष नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ ओमान' से नवाजा। प्रधानमंत्री मोदी को ओमान की दो दिवसीय यात्रा के दौरान यह सम्मान दिया गया।*

## गोंदीगुड़ा के जंगल में जवानों ने मार गिराए महिला समेत तीन नक्सली



- नक्सलियों के मौजूदगी की पुख्ता जानकारी के बाद सुकमा डीआरजी ने चलाया था सर्च ऑपरेशन
- मुठभेड़ स्थल से 9 एमएम सर्विस पिस्टल, 12 बोर, भरमार बंदूक, विस्फोटक व नक्सल सामग्री बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के गोलापल्ली थाना क्षेत्र में गुरुवार को सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ में एक महिला माओवादी समेत तीन माओवादी मारे गए। मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त एरिया कमेटी व एलओएस मेंबर के रूप में हुई है। इन पर 12 लाख रुपए का ईनाम घोषित था। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से नक्सलियों के शव के अलावा 9 एमएम सर्विस पिस्टल, 12 बोर, भरमार ▶▶| शेष पेज 7 पर

### हिंसा से मुक्त बस्तर हमारा संकल्प : साय



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि बस्तर को हिंसा से मुक्त कर शांति, विकास और विश्वास के मार्ग पर आगे बढ़ाना राज्य सरकार का दृढ़ संकल्प है। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि जिला सुकमा के गोंदीगुड़ा क्षेत्र में सुरक्षा बलों द्वारा ▶▶| शेष पेज 7 पर

### अंतिम सांसे गिन रहा नक्सलवाद

*वर्ष 2025 में सुरक्षा बलों की संयुक्त कार्रवाई में सेंट्रल कमेटी मेंबर, डीकेएसजेडसी, पीएलजीए कैडर समेत 255 माओवादी मारे जा चुके हैं, जो माओवादी नेटवर्क की निर्णायक कमजोरी को दर्शाता है। बस्तर में माओवाद अपनी अंतिम सांस गिन रहा है। संगठन की संरचना टूट चुकी है और अब उनकी किसी भी हिंसक चाल या दहशत फैलाने की कोशिश का कोई प्रभाव नहीं रह गया है।*

*-सुंदरराज पट्टलिंगम, आईजी, बस्तर*


आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | = ₹99645/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | = ₹121700/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | = ₹132847/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand Jewels Pandri, Raipur

*Conditions apply


## धर्मांतरित व्यक्ति के शव दफनाने को लेकर बढ़ा विवाद, प्रशासन ने शव को लिया कब्जे में

# 45 गांवों के लोग हुए इकट्ठे, चर्च फूंका, तोड़फोड़ पथराव में कई पुलिस अफसर-जवान घायल

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

हालात संभालने पहुंची पुलिस पर भी जमकर पथराव किया गया। इस हमले में एएसपी समेत दो दर्जन जवान जख्मी हो गए। हालात को देखते हुए गांव में भारी पुलिस फोर्स तैनात कर नाकेबंदी कर दी गई है। बाहरी लोगों के आमाबेड़ा व बड़ेतेवड़ा पहुंचने पर प्रतिबंध लगा दिया, लेकिन आसपास के ग्रामीण जंगल के रास्ते आमाबेड़ा तथा बड़ेतेवड़ा पहुंच गए हैं।

सरपंच रजमन सलाम के पिता चमरा राम सलाम (65) की 14 दिसंबर की शाम इलाज के दौरान मौत हो गई थी। शव कांकेर से बड़ेतेवड़ा लाया गया, परिजनों ने 15 दिसंबर को शव अपने खेत में दफना दिया। ग्रामीणों का आरोप था धर्मांतरित व्यक्ति का शव ▶▶| शेष पेज 7 पर

*आमाबेड़ा इलाके की ग्राम पंचायत बड़े तेवड़ा में शव दफनाने को लेकर सोमवार से शुरू हुआ विवाद अब हिंसक रूप ले चुका है। पिछले तीन दिनों से गांव में चल रहा विवाद चौथे दिन बेकाबू हो गया। गुरूवार को भीड़ ने बड़ेतेवड़ा सरपंच के घर बने प्रार्थना भवन व आमाबेड़ा के चर्च तथा प्रार्थना भवन में तोड़फोड़ कर आग लगा दी।*









### इलाके में पुलिस का घेरा, चार दिनों से चल रहा विवाद, चौथे दिन हालात बेकाबू

### पुलिस पर पथराव, एएसपी और दो जवान घायल

बड़े तेवड़ा में आमाबेड़ा इलाके के 45 से अधिक गांव के ग्रामीण डंडा आदि से लैस होकर जमा हुए थे। आज लाश उखाड़ने के कुछ देर बाद भीड़ ने बड़ेतेवड़ा सरपंच के मकान में बने प्रार्थना भवन पर हमला करते हुए ▶▶| शेष पेज 7 पर

### कब्र में बना दिया गया मठ, जिसके बाद भड़का ग्रामीणों का गुस्सा

16 दिसंबर को कब्र में मठ भी बना दिया, जिसके बाद ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ गया। बड़ी संख्या में आसपास के लोग जुटे,जिससे वहां तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। हालात को देखते हुए वहां पुलिस फोर्स तैनात की गई। इसी बीच भीड़ मठ में तोड़ फोड़ करने लगी। दोनों पक्षों में झड़प होने लगी। 17 दिसंबर को विवाद बढ़ने लगा। दोनों पक्षों में बाहरी लोगों की एंट्री हो गई। प्रशासन दोनों पक्षों में सहमति बनाने कोशिश करता रहा। दोपहर में दोनो पक्षों में विवाद हो गया। इसी दिन यहां लाठी डंडे चलने से 25 घायल हो गए। इन्हें आमाबेड़ा अस्पताल लाया गया, ▶▶| शेष पेज 7 पर

## खबर संक्षेप

### केरल जा रहे विमान की आपात लैंडिंग

**कोच्चि।** सऊदी अरब के जेद्दा से 160 यात्रियों को लेकर केरल के कोझिकोड जा रहे विमान को टायर में खराबी आने के कारण गुरुवार को 'एहतियात के तौर पर' यहां कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतार लिया गया। एअर इंडिया एक्सप्रेस के एक प्रवक्ता ने कहा कि जेद्दा-कोझिकोड उड़ान को कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर मोड़कर विमान के टायर में संभावित खराबी के कारण एहतियाती तौर पर उतार लिया गया। प्रवक्ता ने कहा कि जेद्दा हवाई अड्डे के रनवे पर किसी वस्तु के कारण टायर में खराबी आने की आशंका है।

**सीएम के साथ मंत्रिमंडल व दिग्गज नेता होंगे शामिल**

## जांजगीर में जश्न, 22 को आएंगे नड्डा, भाजपा ने झोंकी ताकत



**सरकार के दो साल पूरे होने पर बड़ा कार्यक्रम, ओपी-चंदेल ने संभाली कमान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

भाजपा सरकार के दो साल पूर्ण होने के अवसर पर सोमवार 22 दिसंबर को पुलिस ग्राउण्ड जाजंगीर में बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा शामिल होंगे। उनके साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व मंत्रिमंडल समेत दिग्गज नेता कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। आयोजन की तैयारियाँ युद्ध स्तर पर जारी हैं। प्रदेश के वित्त एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी ने स्थल निरीक्षण करके आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।




तय कार्यक्रम के मुताबिक भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा 22 दिसंबर को जिला ▶▶| शेष पेज 7 पर

### विधायक विहीन क्षेत्रों में ओपी और चंदेल

ने संभाली कमान जांजगीर चांपा जिला ही नहीं बल्कि इस क्षेत्र के पड़ोसी जिलों में भी भाजपा के एक भी विधायक नहीं हैं। जांजगीर चांपा जिले की तीनों सीट पर कांग्रेस के विधायक हैं। इसी तरह सक्ती जिले में भी तीनों सीट पर कांग्रेसी विधायक हैं। इतना ही नहीं सीमावर्ती जिले के विधानसभा क्षेत्र मस्तूरी, कसडोल, सारंगढ़ और खरसिया तक में भी भाजपा का कोई विधायक नहीं है। ऐसी स्थिति में प्रदेश स्तरीय इस आयोजन की कमान जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी के साथ वरिष्ठ नेता नारायण ▶▶| शेष पेज 7 पर

**घने कोहरे का दिखा असर**

## दिल्ली में 27 फ्लाइट कैंसिल इंडिगो ने रद्द की 59 उड़ानें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

घने कोहरे और उसकी वजह से दृश्यता कम होने के कारण गुरुवार को दिल्ली हवाई अड्डे पर विभिन्न एयरलाइन की 27 उड़ानें रद्द कर दी गईं और कई अन्य के परिचालन में देरी हुई। इस बीच, इंडिगो की वेबसाइट के अनुसार, उसने अपने घरेलू नेटवर्क में 59 उड़ानें रद्द कर दी हैं।

सूत्र ने बताया, घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर 16 प्रस्थान और 11 आगमन से जुड़ी अब तक 27 उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। गुरुवार सुबह यात्रियों के लिए जारी एक परामर्श में डायल ने कहा कि घने कोहरे के कारण, उड़ान संचालन वर्तमान में कैट (श्रेणी)-तीन की स्थितियों के अंतर्गत आता है। इस तरह की परिस्थितियों में परिचालन में देरी या व्यवधान हो सकता है।

### इधर, दिल्ली में सख्ती, गाड़ियों की चेकिंग

*दिल्ली में प्रदूषण से निपटने के लिए बुधवार-गुरुवार रात 12 बजे से ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान का चौथा फेज लागू हो गया है। गुरुवार से सिर्फ बीएस-6 इंजन वाली गाड़ियों को एंट्री मिल रही है। इससे कम मानक वाले, दिल्ली के बाहर की गाड़ियों को शहर में आने नहीं दिया जा रहा है। इस फैसले से दिल्ली में बाहर से रोजाना आने-जाने वाली 12 लाख गाडियों पर असर पड़ा है। नोएडा से 4 लाख से ज्यादा, गुरुग्राम से 2 लाख और गाजियाबाद से 5.5 लाख वाहनों को दिल्ली में आने से बैन कर दिया गया है।*


CureBay
for a healthier India

"माँ कसम"

₹499 के क्योरबे कवच के साथ
एक साल के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं

**यह एक दम सच है, माँ कसम!**




- क्योरबे कॉइन से ₹1000 की मेडिसिन और लैब टेस्ट
- ₹15000 तक का कवर - ट्रांसपोर्टेशन, खाने जैसे खर्चों के लिए
- **₹1 लाख** तक के बिना ब्याज का स्वास्थ्य ऋण- ज़रूरत के वक़्त इलाज के लिए
- मुफ़्त डॉक्टरी परामर्श।

**160+** ई-क्लिनिक, **350+** ट्रेंड नर्स और फार्मासिस्ट और
**1500+** स्वास्थ्य मित्रों के ज़रिए हेल्थकेयर आपके दरवाज़े पर।

**8335 000 999** पर कॉल करें, अपने नज़दीकी **CureBay eClinic** पर जाएं।

**हमारा ई-क्लिनिक: बलौदाबाजार** भाटापारा, बलौदाबाजार, सिमगा, कसडोल **बेमेतरा** बेमेतरा **बिलासपुर** सरगांव, बिलासपुर, **दुर्ग** पाटन, मोतीपुर, कंदरका, जामुल, दुर्ग, उतई, गुंडरदेही **गरियाबंद** गरियाबंद, **जांजगीर चांपा** पामगढ़, जांजगीर **कोरबा** जामनीपाली **महासमुंद** झलप, बसना, सरायपाली, पटेवा, महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा **रायगढ़** चपले **रायपुर** रायपुर, उरकुरा, माना, मंदिरहसौद, समोदा, आरंग, खरोरा **सक्ती** सपोस **सारंगढ़** सरिया, बरमकेला

स्कैन करें

CureBay ऐप डाउनलोड करें

GET IT ON Google Play

Available on the App Store

*नियम और शर्तें लागू। हेल्थ लोन की रकम एलिजिबिलिटी पर निर्भर करती है और क्योरबे पर खरीदी गई दवाएँ सिर्फ़ क्योरबे के डॉक्टर से सलाह लेने के बाद ही खरीदी जा सकती हैं। क्योरबे पहले से बताकर फ़ायदों में बदलाव कर सकता है या उन्हें वापस ले सकता है।


छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25
डबल इंजन की सरकार में विकास सुपरफास्ट
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
रावघाट- जगदलपुर रेल परियोजना के साथ रेल नेटवर्क मैप से जुड़ रहा बस्तर
पीएम जनमन योजना के साथ जनजाति समुदाय का हो रहा विकास
दक्षिण छत्तीसगढ़ में बोधघाट परियोजना बनेगी हरियाली और समृद्धि का वरदान
महतारी वंदन से महिलाओं को संबल
किसानों को बकाया बोनस, पीएम किसान सम्मान निधि का भी लाभ
26 लाख से अधिक परिवारों को अपना पक्का आवास
जगदलपुर- विशाखापत्तनम और रायपुर- विशाखापट्टनम नई सड़क परियोजनाओं से विकास की नई राहें
स्पष्ट नीति और मजबूत निर्णयों के साथ सुशासन का राज
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
/ChhattisgarhCMO
/DPRChhattisgarh
www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



पायल मोटी नहीं, अब पतली डिजाइनर पसंद कर रहे ग्राहक, पुरानी चांदी का अच्छा रिटर्न मिल रहा

# सबकी चांदी....रेट दो लाख पार, निवेशक खुश खरीदी का तरीका बदलने से सराफा भी गुलजार

*चांदी के दाम ने इस साल नया रिकॉर्ड बनाया है। चांदी अब दो लाख रुपए के पार हो गई है। दाम इतने ज्यादा होने के बाद भी पायल, बिछिया सहित अन्य जेवर और चांदी के बर्तनों की बिक्री में शहरों से लेकर गांवों तक कोई कमी नहीं आई है क्योंकि ग्राहकों ने खरीदी का तरीका बदल लिया है, अब कम वजन के जेवर और बर्तन लिए जा रहे हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इसी के साथ पुराने जेवरों को बेचना भी इस समय फायदे का सौदा साबित हो रहा है। निवेश में भी इजाफा हो गया है। इस साल सोने और चांदी के दाम बहुत तेजी से बढ़े हैं। चांदी के दाम इस साल के पहले दिन 88500 रुपए किलो था जो इस समय दो लाख सात हजार रुपए तक पहुंच गया है यानी चांदी के दाम इस साल डबल से भी ज्यादा हो गया है।

खास खबर



### खरीदी अब इस तरह से...

चांदी के दाम ज्यादा होने के बाद भी इसकी खरीदी कम होने के स्थान पर ज्यादा हो गई है। सराफा कारोबारियों के मुताबिक चांदी के जेवरों में सबसे ज्यादा डिमांड पायल और बिछिया की रहती है। चांदी की पायल सबसे कम दो तोला, इसके बाद 4 से 5 और फिर 8 से 10 तोला की आती है। कीमत ज्यादा होने पर अब मध्यम वर्ग के ग्राहकों ने 8 से 10 तोला के स्थान पर 4 से 5 तोला की पायल ▶▶| शेष पेज 7 पर

### ग्राहक कहते हैं शादियों में जरूरी है

सराफा में खरीदी करने आए ग्राहकों का कहना है पायल और बिछिया शादियों में शगुन के तौर पर जरूरी होता है, इसलिए खरीदने आए हैं। बजट को देखते हुए मोटी पायल की जगह डिजाइनर और पतली पायल पसंद कर रहे हैं।

### खरीदी का तरीका बदला

चांदी के दाम बढ़ने के कारण खरीदी का तरीका बदला है। अब ग्राहक कम वजन की पायल, बिछिया, अन्य जेवर और बर्तन ले रहे हैं। कारोबार कम होने के स्थान पर बढ़ा है, क्योंकि इस समय चांदी को निवेश के लिए बेहतर माना जा रहा है।

-लक्ष्मी नारायण लाहोटी, चांदी के जेवरों के थोक कारोबारी


### पुराने जेवर बेचने पर भी चांदी

आमतौर पर चांदी के दाम साल भर में 5 से दस हजार रुपए किलो से ज्यादा नहीं बढ़ते हैं। ऐसे में चांदी के पुराने जेवरों को बेचना हमेशा से घाटे का सौदा रहा है, लेकिन अब चांदी के जेवरों को बेचने से भी चांदी हो रही है। उदाहरण के लिए इस साल जब चांदी के दाम एक लाख रुपए किलो यानी हजार रुपए दस ग्राम के थे, तब दस तोले की पायल लेने पर दस हजार रुपए लगे थे। इस डिजाइनर पायल को आज बेचने पर अगर इसमें तीस फीसदी की कटौती होती है तो भी इसके 14 हजार रुपए मिलेंगे। अगर यही पायल चार साल पहले 600 रुपए तोले के हिसाब से ली गई होगी तो 6000 रुपए की पायल के आज 14 हजार रुपए मिल जाएंगे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पहलवानों के लिए नेशनल कैंप में भागीदारी अनिवार्य



**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ ने नयी चयन नीति लागू की है जिसके तहत राष्ट्रीय चयन के लिये राष्ट्रीय शिविरों में भागीदारी अनिवार्य है हालांकि व्यक्तिगत अभ्यास कर रहे पहलवानों को इससे छूट रहेगी। इसके साथ ही ओलंपिक खेलों में कोटा जीतने वाले पहलवानों को एक दौर के अंतिम चयन ट्रायल में भाग लेना होगा।

### दिल्ली ब्लास्ट केस, एक और आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** एनआईए ने लाल किला इलाके में विस्फोट के मामले में जम्मू कश्मीर निवासी यासिर अहमद डार को गिरफ्तार किया है। पिछले महीने दिल्ली में हुए ब्लास्ट मामले में यह नौवीं गिरफ्तारी है। यासिर अहमद श्रीनगर जिले के शोपियां का रहने वाला है। एनआईए एनआईए की जांच में सामने आया है कि यासिर अहमद डार दिल्ली कार बम ब्लास्ट की साजिश में सक्रिय रूप से शामिल था।

### प्रसिद्ध थावे मंदिर से स्वर्ण मुकुट चोरी

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज जिले में स्थित प्रसिद्ध थावे मंदिर से बृहस्पतिवार तड़के देवी की प्रतिमा का स्वर्ण मुकुट कथित तौर पर चोरी हो गया। सीसीटीवी फुटेज में कुछ लोगों को मंदिर से देवी प्रतिमा का स्वर्ण मुकुट लेकर भागते हुए देखा गया है। चोरी हुआ मुकुट लगभग 500 ग्राम वजनी बताया जा रहा है।

### कार खाई में गिरी तीन पर्यटकों की मौत

**नैनीताल।** उत्तराखंड के नैनीताल जिले में बृहस्पतिवार को एक कार के खाई में गिरने से उसमें सवार उत्तर प्रदेश के तीन पर्यटकों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। दुर्घटना भवाली-अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर निगलात के पास हुई। सूचना मिलने पर पुलिस और राज्य आपदा प्रतिवादन बल की टीम ने मौके पर पहुंचकर बचाव एवं राहत अभियान शुरू किया।

## मनरेगा योजना की जगह नया विधेयक, संसद के भीतर-बाहर सियासी उबाल

# विपक्ष ने सदन में फाड़ी कॉपी, हंगामे के बीच दोनों सदनों में 'वीबी जी राम जी बिल' पास

*मनरेगा की जगह लेने वाला 'विकसित भारत जी राम जी बिल' गुरुवार को सदन में विपक्षी सांसदों के भारी विरोध के बीच पारित हो गया। लोकसभा के बाद राज्यसभा में देर रात तक चली सदन की कार्यवाही में बिल पारित हुआ। लोकसभा में चर्चा का जवाब देते हुए ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस ने बापू के आदर्शों को मार दिया, जबकि मोदी सरकार ने उन्हें जिंदा रखा है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खरगे ने सरकार पर तीखा प्रहार किया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा ने गुरुवार को विपक्ष के विरोध के बीच 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025' को पारित कर दिया। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 'कांग्रेस ने बापू के आदर्शों को मार दिया, जबकि मोदी सरकार ने उन्हें जिंदा रखा है'।

मनरेगा योजना की जगह नया विधेयक लाने और उसमें से महात्मा गांधी का नाम हटाने को लेकर विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए चौहान ने कहा कि 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025' के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार महात्मा गांधी के आदर्शों को लागू करने और विकसित गांव की बुनियाद पर विकसित भारत बनाने के लक्ष्य की दिशा में काम कर रही है। इससे पहले बुधवार को सदन में उक्त विधेयक पर देर रात तक चर्चा हुई और विपक्ष के अधिकतर सदस्यों ने इसे विभाग संबंधी संसदीय स्थायी समिति को विचार-विमर्श के लिए भेजने की मांग की। कांग्रेस नेता ▶▶| शेष पेज 7 पर

■ प्रियंका ने केंद्र सरकार पर जमकर साधा निशाना

### कांग्रेस पर साधा निशाना

ग्रामीण विकास मंत्री चौहान ने कहा, कांग्रेस ने तो इस योजना का बजट कम करने का पाप किया और इसे 40 हजार करोड़ रुपए से कम करके 35 हजार करोड़ रुपए कर दिया। मोदी सरकार ने इस योजना में 1 लाख 11 हजार करोड़ रुपए तक खर्च किए और इस साल बजट में 1,51,282 करोड़ रुपए का प्रस्ताव है। यह पैसा मजदूरी के लिए, गांवों के विकास के लिए है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत आपदा प्रबंधन के सारे काम होंगे।



### नए बिल से खत्म हो जाएगा मनरेगा : प्रियंका गांधी



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोकसभा द्वारा 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025' पारित होने के बाद गुरुवार को आरोप लगाया कि इससे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) खत्म हो जाएगा। यह मजदूरों के खिलाफ है।

### खरगे ने दी दी आंदोलन की चेतावनी

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि जो मंत्री गरीबों के प्रति संवेदना दिखाने की बात करते हैं, वही आज मनरेगा को खत्म करने पर उतारू हैं। खरगे ने साफ कहा कि गरीब इस कानून का समर्थन कभी नहीं करेंगे और कांग्रेस इसकी लड़ाई जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि सरकार किसी मजबूरी में यह कानून ला रही है।

### इधर, राज्यसभा में भी पास हुआ 'शांति बिल'

राज्यसभा ने सिविल परमाणु क्षेत्र में निजी भागीदारी का रास्ता खोलने वाले 'भारत के रूपांतरण के लिए परमाणु ऊर्जा का सतत दोहन और विकास विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। यह विधेयक बुधवार को लोकसभा से पारित हो चुका है। अब मौजूदा कानून को बदलने के लिए लाए गए विधेयक पर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद केंद्र परमाणु ऊर्जा पर सरकार का एकाधिकार खत्म करने की ओर कदम बढ़ा देगा।

## अभनपुर के सोनपैरी गांव में होगा सम्मेलन

# 31 को छत्तीसगढ़ आएंगे मोहन भागवत, हिंदू सम्मेलन में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 31 दिसंबर को रायपुर आएंगे। वे अभनपुर स्थित सोनपैरी गांव में आयोजित विशाल हिंदू सम्मेलन को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करेंगे। यह सम्मेलन दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा। आरएसएस अपने शताब्दी वर्ष में प्रदेशभर में दो हजार स्थानों पर हिंदू सम्मेलन कर रहा है। इसका प्रारंभ 11 दिसंबर से किया गया है। ये सम्मेलन मकर संक्राति तक चलेंगे।

खास खबर

आरएसएस हिंदू समाज को संगठित करने के लिए ही देश भर में हिंदू सम्मेलन आयोजित कर रहा है। छत्तीसगढ़ में आरएसएस के 1601 मंडल हैं। ये मंडल प्रदेश के 19 हजार से ज्यादा गांवों को मिलाकर बनाए गए हैं। एक मंडल में आठ से दस गांवों को रखा गया है। अब हर मंडल में हिंदू सम्मेलन किए जा रहे हैं। इसी के साथ शहरी क्षेत्रों में 666 बस्तियां हैं। इनमें भी हिंदू सम्मेलन हो रहे हैं। प्रांत संघचालक ▶▶| शेष पेज 7 पर

### राष्ट्रीय संत भी आएंगे

सोनपैरी गांव में होने वाले सम्मेलन में राष्ट्रीय संत असंग देव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय चेतना से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन में प्रदेश भर से बड़ी संख्या में संत, समाजसेवी और आमजन भी शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और आयोजन स्थल पर ▶▶| शेष पेज 7 पर

# साय ने कहा- आयुष्मान कार्ड से गरीबों को मिल रहा चिकित्सा सुविधा का लाभ

## पहले दिन 2200 शुगर और 2500 बीपी मरीजों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुरुवार को 5 दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप का आयुर्वेद कॉलेज परिसर में मेगा हेल्थ कैंप 2025 का शुभारंभ हुआ। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मेगा हेल्थ कैंप का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन महत्वपूर्ण है। बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती है। राजेश मूणत और उनकी पूरी टीम को शुभकामनाएं देता हूं। सभी चिकित्सकों को नमन करता हूं। छत्तीसगढ़ ने पिछले 25 वर्षों में हर क्षेत्र में विकास किया है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी लगातार बेहतर काम हुआ है। दो वर्षों ▶▶| शेष पेज 7 पर



### डॉ. रमन बोले- मानव सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का उदाहरण

*पूर्व सीएम और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मेगा हेल्थ कैंप में सहयोग करने वाली संस्थाओं और यहां आए मरीजों को मेरी शुभकामनाएं। आज बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती है। यह केवल हेल्थ कैंप नहीं, बल्कि मानव सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का उदाहरण है।* ▶▶| शेष पेज 7 पर

## सुप्रीम कोर्ट में गिरफ्तारी को चुनौती

# चैतन्य की याचिका पर जनवरी में होगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे की कथित शराब घोटाले में गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई गुरुवार को जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी। कोर्ट ने कहा कि मामले को टुकड़ों में नहीं सुना जा सकता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा 18 जुलाई को गिरफ्तार किए गए चैतन्य बघेल ने धन शोधन निवारण अधिनियम के कुछ प्रावधानों ▶▶| शेष पेज 7 पर

### हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती

चैतन्य बघेल ने अपनी गिरफ्तारी बरकरार रखे जाने के छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के 17 अक्टूबर के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में याचिका दायर की थी। उन्होंने धनशोधन रोधी कानून की धारा 50 और अन्य प्रावधानों की ▶▶| शेष पेज 7 पर

Accredited By USA | INDIA

वोक्हार्ट हॉस्पिटल्स | लाईफ विन्स | मुंबई सेंट्रल

वोक्हार्ट हॉस्पिटल्स, मुंबई सेंट्रल के प्रसिद्ध लिव्हर ट्रान्सप्लांट, एचपीबी अँड जीआय सर्जन अब रायपूर मे





डॉ. स्वप्निल शर्मा
एमबीबीएस, एमएस (जनरल सर्जरी),
डीएनबी (जीआय सर्जरी)
फेलोशिप इन लिवर ट्रांसप्लांट अँड एचपीबी सर्जरी
कंसल्टंट लिवर ट्रांसप्लांट,
एचपीबी अँड जीआय ऑन्को सर्जरी

विशेषज्ञता
- लिव्हर ट्रान्सप्लांटेशन (लिविंग डोनर, डिसीजड डोनर, एबीओ इनकंपॅटिबल ट्रान्सप्लांट्स)
- हेपॅटोबिलिअरी सर्जरी
- पॅन्क्रिएटिक कॅन्सर सर्जरी
- गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ऑन्को सर्जरी
- मल्टी-विसरल रिसेक्शन
- पोर्टल हायपरटेंशन सर्जरी (शंट सर्जरी)
- लिवर रिसेक्शन
- पैंक्रियाटाइटिस सर्जरी

लिव्हर वेलनेस क्लीनिक ओपीडी
शनिवार, 27 दिसंबर 2025

सुयश हॉस्पिटल
सुबह 10:00 से दोपहर 2:00 बजे तक
कोटा, रायपूर, छत्तीसगड

आस्था डायग्नोस्टिक्स
दोपहर 3:00 से शाम 5:00 बजे तक
लालगंगा बिझनेस पार्क के सामने, न्यु धमतरी रोड, पचपेडी नाका, रायपूर (सीजी), छत्तीसगड

अपॉईमेंट के लिए संपर्क करें 022-6178 4478

## 100 वर्ष की आयु में निधन

# नहीं रहे 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के शिल्पकार राम सुतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के शिल्पकार राम सुतार का बुधवार देर रात नोएडा स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। वह 100 वर्ष के थे। वृद्धावस्था संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। सरदार वल्लभभाई ▶▶| शेष पेज 7 पर

### गोंदुर गांव से विश्व मंच तक

19 फरवरी 1925 को महाराष्ट्र के धुले जिले के गोंदुर गांव में जन्मे राम सुतार ने बचपन में ही मूर्तिकला का रास्ता चुन लिया था। उन्होंने अपने गुरु श्रीराम कृष्ण जोशी से शुरुआती ▶▶| शेष पेज 7 पर

### राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने जताया शोक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रख्यात मूर्तिकार राम सुतार के निधन पर शोक व्यक्त किया। पीएम मोदी बोले- उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए देश के गौरव को अमर कर दिया।

## राज्य सरकार ने बनाया नया नियम

# छग में महिला कर्मियों से सुरक्षित वातावरण में, अब रात 9 से सुबह 6 बजे तक लिया जा सकेगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब किसी महिला कर्मी से रात 9 से लेकर सुबह 6 बजे तक काम लिया जा सकता है, लेकिन इसके साथ ये शर्त भी है कि कार्यस्थल पर महिला कर्मी के लिए पूरी तरह सुरक्षित वातावरण होना चाहिए। यह नियम उन दुकानों या स्थापनाओं पर लागू होगा, जहां दस या उससे अधिक कर्मी काम करते हैं। राज्य सरकार ने यह बदलाव करने के लिए ▶▶| शेष पेज 7 पर

हरिभूमि सरोकार



### क्यों किया गया है यह बदलाव

राज्य सरकार ने नियमों में बदलाव के पीछे ये बताया है कि इसके पीछे वजह क्या है। सरकार का कहना है कि श्रमिक विधायन का लक्ष्य राज्य में श्रमिकों के लिए कार्यकारी वातावरण को विनियमित करना तथा उनके कल्याण, सामाजिक सुरक्षा एवं कार्यकारी दशाओं को सुनिश्चित करना ▶▶| शेष पेज 7 पर

### अब 12 घंटे भी ले सकते हैं काम

किसी दुकान या स्थापना में एक पाली में विश्राम अंतराल सहित कार्य के कुल घण्टों की अवधि, साढ़े दस घण्टे से अधिक नहीं होगी और यदि कर्मकार को अनिरंतर प्रकृति के कार्य या अतिआवश्यक कार्य सौपें गये हैं. तो कार्य की कुल अवधि, बारह घण्टे से अधिक नहीं होगी।

# भाजयुमो की प्रदेश कार्यकारिणी, जिलाध्यक्षों के लिए चला अंडर 35 का फार्मूला

## प्रदेशाध्यक्ष राहुल टिकरिया का दावा- कोई भी ओवरएज नहीं

भारतीय जनता युवा मोर्चा की कार्यकारिणी के साथ ही जिलाध्यक्षों के नामों का भी ऐलान कर दिया गया है। इस बार कार्यकारिणी के साथ ही जिलाध्यक्षों का चयन करने में गंभीरता से काम किया गया है और भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष राहुल टिकरिया का दावा है कि कोई भी पदाधिकारी और जिलाध्यक्ष ओवरएज नहीं है। हालांकि चार पदाधिकारियों के ओवरएज होने की बात सामने आ रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

पिछली बार भी भाजयुमो की कार्यकारिणी को लेकर बड़ा विवाद हुआ था, तब प्रदेश प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी ने सभी की कुंडली मंगवाई थी और ओवरएज पदाधिकारियों को बाहर करने की तैयारी थी, लेकिन उस समय प्रदेश प्रभारी के बदल जाने के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया था। भाजपा का राष्ट्रीय संगठन इस बार भाजयुमो की कार्यकारिणी और जिलाध्यक्षों को लेकर भी बहुत गंभीर है। राष्ट्रीय संगठन के निर्देश के मुताबिक ही प्रदेश संगठन ने भाजयुमो में इस बार अंडर 35 को ही पदों में रखने का फरमान जारी किया था। ऐसे में जिनको भी पदाधिकारी या जिलाध्यक्ष बनाया गया है उनसे उम्र का प्रमाणपत्र लिया गया है।



### सभी अंडर एज

प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के साथ जिलाध्यक्षों की उम्र 35 साल के अंदर है। कोई भी ओवरएज नहीं है।सभी के दस्तावेज मंगाकर देखे गए हैं। - राहुल टिकरिया, भाजयुमो अध्यक्ष

### आधा दर्जन के ओवरएज होने की चर्चा भी

भले भाजयुमो के अध्यक्ष पदाधिकारियों के अंदर 35 के होने का दावा कर रहे हैं, पर भाजपा संगठन से जुड़े लोग ही बता रहे हैं कि आधा दर्जन से ज्यादा प्रदेश के पदाधिकारी ओवरएज हैं। इन लोगों ने गलत दस्तावेज दिए हैं। इनमें से कुछ पदाधिकारी पुरानी कार्यकारिणी में भी थे, तब ये अंडर 35 के करीब थे। अब इनकी उम्र 35 के पार बताई जा रही है। इसकी प्रदेश संगठन में शिकायत करने की भी तैयारी है।

### ये बने पदाधिकारी

प्रदेश पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष कोमल पटेल, पीयूष ठाकुर, भीमा मड़कम, अमन प्रताप सिंह, गौरी गुप्ता, शुभम जायसवाल, महामंत्री जितेंद्र देवांगन, कुणाल ठाकुर, प्रदेश मंत्री मोनू बहादुर सिंह, लोकेश साहू, विशाल पांडेय, सन्नी केसरी, आकाशा ठाकुर, प्रिया सिंह, मोरध्वज पैकरा, कोषाध्यक्ष गौरव पांडेय, सहकोषाध्यक्ष श्रेणिक बोथरा, ऋषि भसीन, कीर्ति पीढ़ी, मीडिया प्रभारी वासु शर्मा बनाए गए हैं। इसी के साथ सोशल मीडिया और प्रचार प्रसार के लिए अलग से प्रभारी बनाए गए हैं। अभी सिर्फ 23 जिलाध्यक्षों का ही ऐलान किया गया है। रायपुर शहर का जिम्मा अभी तय नहीं किया गया है। इसी के साथ राजनांदगांव, कवर्धा, कोरबा सहित एक दर्जन से ज्यादा जिले बचे हैं। रायपुर ग्रामीण पिंटू साहू, बिलासपुर शहर वैभव गुप्ता, बिलासपुर ग्रामीण ऋषभ चतुर्वेदी, दुर्ग हिमांशु सिंह और भिलाई के अध्यक्ष सौरभ जायसवाल बनाए गए हैं।

---

शिकार में उपयोग किया गया तार, खूंटा, नाखून, शरीर के बाल बरामद पर दांत नहीं मिले

# बाघ का शिकार करने वाली महिला सरपंच सहित 6 आरोपी गिरफ्तार

बाघ का शिकार करने के मामले में वन अधिकारियों ने एक महिला सरपंच सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने आरोपियों से बाघ का नाखून, शरीर के बाल, मूंछ के अधजले बाल एवं करंट लगाने के लिए उपयोग किए गए तार को बरामद किया है। मामले में अभी आधा दर्जन से अधिक आरोपियों के शामिल होने की संभावना है जिनकी तलाश चल रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



हरिभूमि फॉलोअप

तीन दिनों पूर्व सूरजपुर वनमंडल अंतर्गत घुई रेंज के भैंसामुण्डा सर्किल स्थित धोंधा जंगल में बाघ का शव मिला था। पीएम में बाघ की मौत करंट से होने की पुष्टि हुई थी। परिस्थिति जन्य साक्ष्य के आधार पर शिकारियों द्वारा घटनास्थल पर हाई वोल्टेज करंट का फंदा लगाने एवं करंट की चपेट में आने से बाघ की मौत होने की संभावना जताई जा रही थी। अपराधियों तक पहुंचने के लिए विभाग ने गुरु घासीदास नेशनल पार्क से स्नीफर डॉग को बुलाया था। बाघ के शव को सूंघने के बाद स्नीफर डॉग दौड़ते हुए सबसे पहले भैसामुण्डा बस्ती में पहुंचा था। इस दौरान डॉग ने भैसामुण्डा निवासी सरपंच सिस्का कुजूर के घर का दो बार चक्कर लगाया था। खोजी कुत्ते से मिले संकेत के आधार पर दूसरे दिन वन अधिकारियों ने महिला सरपंच से पूछताछ की। वन अधिकारियों ने सरपंच से बाघ का दो नाखून एवं बाल बरामद किया। मामले में महिला सरपंच के पड़ोसी दिनेश कुजूर आ.साल कुजूर एवं अभिषेक रोशन आ.विसुवा कुजूर के शामिल होने की संभावना पर इनके मोबाइल का कॉल डिटेल निकलवाया तो आरोपियों द्वारा ग्राम बरतीकला निवासी भोला प्रसाद आ.पहलू राम शिकार खेलने एवं शिकार में उपयोग किए तार को हटाने के संबंध में बातचीत होने का खुलासा हुआ।




### आधा दर्जन से अधिक आरोपी अब भी फरार

वन अधिकारी बाघ का शिकार करने के मामले में अन्य आधा दर्जन आरोपियों के शामिल होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों ने वन्य जीवों का शिकार करने के लिए बड़ी टीम बनाई है। टीम में आसपास के ग्रामीण शामिल हैं। आपस में समन्वय से अवैध शिकार को अंजाम देते हैं। बाघ का दांत बरामद करने में सफलता नहीं मिली है। वन अधिकारियों ने 3 अन्य आरोपियों को हिरासत में लिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी एवं बाघ के अंगों की बरामदगी में सूरजपुर, बलरामपुर, जगदलपुर के वन अधिकारी एवं गुरु घासीदास नेशनल पार्क की डॉग स्क्वायड ने अहम भूमिका निभाई है।

### बनाई थी शिकार की योजना

वन अधिकारियों ने कॉल डिटेल के आधार पर आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपियों ने कुछ दिन पूर्व ही फोन से बात कर शिकार की योजना बनाने की जानकारी दी। योजना के अनुसार ग्राम कैलाशपुर निवासी रामनाथ आ.जय सिंह, बरती कला निवासी भोला प्रसाद, ग्राम कैलाशपुर निवासी मिथिलेश, ग्राम पनसरा निवासी रामनाथ जुटे तथा जंगली सुअर का शिकार करने के लिए रात में करंट का फंदा लगाया। दूसरे दिन फंदे में फंसने से बाघ की मौत होने की जानकारी मिली। भोला ने दिनेश व अभिषेक को फोन कर तत्काल तार को हटाने के संबंध में पूछताछ की। वन अधिकारियों ने ग्राम बरतीकला निवासी भोला से तार व खूंटा, जबकि तीन अन्य आरोपियों से बाघ की मूंछ के अधजले बाल सहित शिकार में उपयोग किए गए अन्य सामग्रियों को बरामद किया है।

### चल रही आरोपियों की तलाश

कॉल डिटेल सहित अन्य साक्ष्यों के आधार पर महिला सरपंच सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों से शिकार में प्रयुक्त तार खूंटा व बाघ के अंगों को बरामद किया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।
-दुलेश्वर साहू, डीएफओ, सूरजपुर

---

उतरप्रदेश के बागपत का रहने वाला था जवान

# ड्यूटी के दौरान बीएसएफ कांस्टेबल ने स्वयं को गोली मारकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर/जगदलपुर

नारायणपुर जिले के सोनपुर थाना क्षेत्र स्थित बीएसएफ कैम्प हारोदी में तैनात जवान ने शाम लगभग 6 बजे ड्यूटी के दौरान स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जवान के आत्महत्या का कारण अज्ञात है। सोनपुर थाना में मर्ग कायम कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। नारायणपुर एसपी रोबिनसन गुरिया ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि बुधवार शाम लगभग 6 बजे बीएसएफ सीओबी हारोदी में एक जवान ने स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। ड्यूटी के दौरान गोली की आवाज सुनकर कैम्प में हड़कम्प मच गया। उसने आत्महत्या क्यों किया यह अज्ञात है। मामले में सोनपुर थाना में मर्ग कायम कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। कांस्टेबल सचिन कुमार उतरप्रदेश के सिंगोली थाना जिला बागपत का रहने वाला था। पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।



### साथी जवानों से पूछताछ

वहीं पुलिस इस मामले में साथी जवानों से पूछताछ में जुटी हुई है। जवान के आत्महत्या करने के कारणों का पता लगाने के लिए मामले की सभी पहलुओं से पड़ताल की जा रही है। सोनपुर पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

---

भिलाई से तिरूपति जा रही थी बस

# कोहरे का कहर: बस पेड़ से टकराई एक तीर्थयात्री की मौत, 6 गंभीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर/भानपुरी

भानपुरी थाना क्षेत्र के तारागांव हाईवे में सुबह बस पेड़ से जा टकराई। जिससे बस में सवार एक तीर्थ यात्री की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं चालक समेत आधा दर्जन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दुर्ग से 43 तीर्थयात्रियों को लेकर बस तिरूपति के लिए रवाना हुई थी। गुरुवार सुबह लगभग छह बजे जैसे ही बस तारागांव के करीब पहुंची चालक गहरे कोहरे व झपकी की वजह से बस पर नियंत्रण नहीं रख सका और वह पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में राजनादंगांव निवासी तामेश्वर साहू की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने वहीं हादसे में दर्जन भर से अधिक घायल यात्रियों को उपचार के लिए भानपुरी अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल बागबाहरा निवासी बस के चालक समेत आधा दर्जन गंभीर लोगों को बेहतर उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। भानपुरी पुलिस द्वारा इसकी जानकारी मृतक के परिजनों को देकर शव को पीएम के लिए रवाना कर दिया है। भानपुरी पुलिस मामला दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।



### तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को लिया चपेट में चालक की गई जान

एक अन्य घटना बोधघाट थाना क्षेत्र स्थित आड़ावाल चौक में हुई जिसमें बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमपी 0492 के चालक ने तेजरफ्तार व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाईपास के करीब अचानक मोड़ दिया। जिससे बाइक ट्रक में जा घुसी। इस हादसे में बैताल चन्द्रैया 39 वर्ष निवासी श्रीलक्ष्मीपुर थाना चपांकेडी गंजाम ओडिशा निवासी की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक नगरनार स्टील प्लांट में नौकरी करता था। रात्रि ड्यूटी के बाद हाल निवास आड़ावाल आ रहा था, तभी हादसा हो गया।

---

# डॉक्टर के घर काम करने वाली ही निकली फर्जी रेड की मास्टरमाइंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

पैथालॉजिस्ट के घर हुई फर्जी आईटी टीम की फर्जी रेड की घटना की मास्टर माइंड वहां काम करने वाली महिला थी। महिला ने ही फर्जी आईटी टीम रेड गिरोह को घर का नक्शा व सूचना दी थी। पुलिस ने मास्टर माइंड महिला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार स्थानीय रत्नाबांधा रोड निवासी पैथालॉजिस्ट डॉक्टर दिलीप राठौर के घर में 17 नवम्बर को अज्ञात 6 से 7 लोग जबरन प्रवेश कर स्वयं को इनकम टैक्स विभाग का अधिकारी बताते हुए बिना सर्च वारंट के घर के कमरों, आलमारी व दराजों की तलाशी ली थी। तलाशी में किसी प्रकार की राशि नहीं मिलने पर सभी कार में बैठकर वहां से फरार हो गए।

---

### शराब की अवैध पैकिंग का गिरोह पकड़ाया, नकली स्टीकर जब्त

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ के करवारी में करीबन आठ महीने पहले पकड़े गए नकली शराब यूनिट का अब तक मुख्य सरगना पुलिस के हाथों नहीं आया है। वहीं इस बीच अब ऐसा ही दूसरा मामला सामने आ गया है। इस बार भी डोंगरगढ़ ब्लॉक में ही आरोपियों द्वारा शराब की नकली पैकिंग की तैयारी की जा रही थी, जिस पर एक्शन लेते हुए पुलिस ने जहां तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं इनसे नकली स्टीकर सहित बड़ी मात्रा में सामान की जब्ती की गई है।


असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देंखे
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • केमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
डेंटल सुविधा भी उपलब्ध
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

OSTWAL HEART CARE
Dr. Kunal Ostwal MD, DM (Cardiology) Consultant and Interventional Cardiologist
Facilities : ECG ,2D-Echo,TMT
समस्त हृदय रोग, मधुमेह, कोलेस्ट्रोल एवं ब्लड प्रेशर के लिए परामर्श
डी.एम. प्लाजा, बैजनाथपारा, छोटापारा, रायपुर अपॉइंटमेंट के लिये संपर्क करें : 6264289296

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपेथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:- 7987119756, 9303508130




# हिजाब विवाद... सीएम नीतीश के खिलाफ दो राज्यों में एफआईआर, एक में शिकायत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार में आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र देते वक्त मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक महिला डॉक्टर के चेहरे से हिजाब हटाने का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। यह मामला अब सिर्फ़ बिहार की सियासत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि तीन राज्यों में कानूनी कार्रवाई का रूप ले चुका है। नीतीश के खिलाफ उत्तर प्रदेश और कर्नाटक के बाद अब झारखंड में भी शिकायत दर्ज हो गई है।

**जावेद अख्तर सहित विपक्षी पार्टियों ने की निंदा**

इसके अलावा, हैदराबाद स्थित एक सोशल एक्टिविस्ट और वकीलों के समूह ने नेशनल कमीशन फॉर वुमन (एनसीडब्ल्यू) से शिकायत कर दी है। रांची के इटकी थाने में सामाजिक कार्यकर्ता मो. मुर्तजा आलम ने लिखित शिकायत की है। इसके पहले, लखनऊ में समाजवादी पार्टी की प्रवक्ता और मशहूर शायर मुनव्वर राणा की बेटी सुमैया राणा ने तथा बेंगलुरू में वकील ओवैज हुसैन ने एफआईआर दर्ज करवाई है।

## एक महिला डॉक्टर को नियुक्ति पत्र देते समय खींचा था हिजाब

**'मैं पर्दा प्रथा के खिलाफ लेकिन नीतीश का कृत्य निंदनीय'**

राइटर जावेद अख्तर ने अपने एक्स पर लिखा है कि, 'जो भी मुझे थोड़ा बहुत भी जानता है, उसे पता है कि मैं पर्दा प्रथा के कितना खिलाफ हूं, लेकिन इसका यह मतलब बिल्कुल नहीं है कि मैं नीतीश कुमार द्वारा एक मुस्लिम महिला डॉक्टर के साथ किए गए कृत्य को किसी भी तरह से स्वीकार कर लूं। मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं। नीतीश कुमार को उस महिला से बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए।'



**राजद-कांग्रेस ने कहा- नीतीश का मानसिक संतुलन ठीक नहीं**

आरजेडी और कांग्रेस समेत राज्य की विपक्षी पार्टियों ने कथित वीडियो को अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शेयर किया और दावा किया कि ये घटना ताजा सबूत है कि नीतीश कुमार का मानसिक संतुलन अब ठीक नहीं है। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा नीतीश कुमार एक सेक्यूलर नेता के रूप में जाने जाते थे, लेकिन अब नीतीश कुमार का असली चेहरा सबसे सामने आ गया है।

### आहत महिला ने नहीं ज्वाइन की नौकरी

15 दिसंबर को यह घटना तब घटी जब मुख्यमंत्री सचिवालय में 1000 आयुष डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र सौंपे जा रहे थे। उसी दौरान महिला डॉक्टर नुसरत परवीन का नीतीश ने हिजाब हटाया था। घटना के बाद वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। घटना के बाद डॉ. नुसरत ने बिहार छोड़ दिया है। वे अब अपने परिवार के पास कोलकाता चली गई हैं। फिलहाल बिहार सरकार की नौकरी जॉइन नहीं करने का फैसला किया है। उन्हें 20 दिसंबर को सरकारी सेवा में योगदान देना था, लेकिन मानसिक आघात के कारण उन्होंने खुद को इसके लिए तैयार नहीं पाया। नुसरत का कहना है कि मुख्यमंत्री का इरादा जो भी रहा हो, लेकिन सार्वजनिक मंच पर जो हुआ, उसने उन्हें गहरी पीड़ा पहुंचाई। नुसरत परवीन ने कहा कि उन्होंने स्कूल से लेकर कॉलेज तक हिजाब में रहकर पढ़ाई की है। यह उनकी व्यक्तिगत आस्था और पहचान का हिस्सा रहा है।

## खबर संक्षेप

### महात्मा गांधी के नाम पर रखेंगे जॉब-गारंटी योजना

**कोलकाता।** रोजगार गारंटी स्कीम 'मनरेगा' से महात्मा गांधी का नाम हटाने के विवाद के बीच सीएम



ममता बनर्जी ने ऐलान किया कि बंगाल की रोजगार गारंटी योजना 'कर्मश्री' का नाम बदलकर महात्मा गांधी के नाम पर रखा जाएगा। राज्य में रोजगार गारंटी योजना 'कर्मश्री' 2024 में शुरू की गई थी। इसका मकसद ग्रामीण और शहरी गरीब परिवारों को आजीविका देना है। अब इसका नाम 'महात्मा गांधी कर्मश्री' योजना हो सकता है।

### सऊदी ने 50 हजार पाकिस्तानी भिखारियों को निकाला

**रियाद।** पाकिस्तान अमेरिका और चीन के बल पर चाहे कितनी भी डींगें हांक ले लेकिन आए दिन अंतरराष्ट्रीय बेइज्जती का शिकार होता रहता है। आर्थिक बदहाली झेल रहे पाकिस्तान के लोग सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे मध्य-पूर्व के अमीर इस्लामिक देशों में जाकर भीख मांग रहे हैं। हाल ही में सऊदी अरब ने भीख मांगने के आरोप में करीब 56,000 पाकिस्तानियों को देश से निर्वासित किया है।

### गिरफ्तारी वारंट के बाद अजित कोटे के मंत्री का इस्तीफा

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार के मंत्री माणिकराव कोकाटे के खिलानजिला अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। अपने खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद से ही अस्पताल में भर्ती माणिकराव कोकाटे के विभाग सरकार ने वापस ले लिए थे। अब कोकाटे ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। माणिकराव कोकाटे ने मंत्री पद से अपना इस्तीफा महाराष्ट्र सरकार में डिप्टी सीएम और एनसीपी (एपी) के प्रमुख अजित पवार को भेज दिया है।

### भड़काऊ भाषण : आजम को रामपुर कोर्ट ने किया बरी

**रामपुर।** यूपी के रामपुर की एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (मजिस्ट्रेट



ट्रायल) ने आज समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आजम खान को भड़काऊ भाषण देने के आरोप से बरी कर दिया है। यह मामला 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान दर्ज हुआ था, जिसमें उन पर प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ हिंसा भड़काने का आरोप लगा था। वर्तमान में आजम खान 17 नवंबर 2025 को एक अन्य मामले में मिली 7 साल की सजा के कारण रामपुर जेल में बंद हैं।

---

### मस्कट में बोले मोदी- 'सीपा' 21वीं सदी के साझा भविष्य का ब्लूप्रिंट

# भारत-ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौता खाड़ी क्षेत्र में भारतीय उत्पादों के लिए खुला रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत और ओमान ने अपने आर्थिक संबंधों में एक नए युग की शुरुआत की है। दोनों देशों के बीच गुरुवार को आधिकारिक तौर पर मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक के साथ द्विपक्षीय बातचीत में दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर भी चर्चा की। यह समझौता न केवल भारतीय निर्यातकों के लिए भारी अवसर लेकर आया है, बल्कि 2006 में अमेरिका के साथ हुए समझौते के बाद ओमान की ओर से किसी भी देश के साथ किया गया यह पहला द्विपक्षीय व्यापार समझौता है। व्यापारिक नजरिये से देखें तो वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 10 अरब डॉलर के पार पहुंच चुका है। ओमान में करीब सात लाख भारतीय रहते हैं, जो सालाना लगभग 2 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा भारत भेजते हैं।

**दोनों देशों के 'व्यापार शिखर सम्मेलन' को संबोधित किया भारतीय पीएम ने** | **यह समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए लेकर आया भारी अवसर**



### आर्थिक-वाणिज्यिक एकीकरण मजबूत होगा

समझौता दोनों देशों के बीच आर्थिक-वाणिज्यिक सहयोग को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा, बाधाओं को कम करके एक स्थिर फ्रेमवर्क के जरिए व्यापार को बढ़ाएगा। अर्थव्यवस्था के सभी बड़े क्षेत्रों में संभावनाओं के नए रास्ते खुलेंगे, आर्थिक विकास बढ़ेगा, रोजगार के साथ दोनों देशों में निवेश की गति बढ़ेगी। प्रधानमंत्री ने कहा, इस समझौते से हमारे नौजवानों के लिए विकास, नवाचार और रोजगार के नए अवसर बनेंगे। उन्होंने सम्मेलन में मौजूद दोनों देशों के उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि ये समझौता कागज से निकलकर प्रदर्शन में बदले। जिसमें आप सभी की बहुत बड़ी भूमिका है। क्योंकि जब नीति और उद्यम संग-संग चलते हैं, तभी साझेदारी नया इतिहास बनाती है। वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार करीब 10.5 अरब डॉलर और आयात 6.54 अरब डॉलर था।

### शिखर सम्मेलन को मोदी ने किया संबोधित

अपनी विदेश यात्रा के तीसरे और अंतिम पड़ाव यानी ओमान की राजधानी मस्कट में गुरुवार को आयोजित किए गए तमाम बड़े आयोजनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम की ही गूंज जोरदार अंदाज में सुनाई दी। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम 'भारत-ओमान व्यापार शिखर सम्मेलन' का था। जिसे संबोधित करते हुए सबसे पीएम ने दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीपा) होने की घोषणा करते हुए इस निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इसकी गूंज आने वाले कई दशकों तक सुनाई देगी। ये 21वीं सदी में हमारी साझेदारी में एक नया विश्वास और नई ऊर्जा भर देगा। सीपा हमारे साझा भविष्य का ब्लूप्रिंट है। जो हमारे व्यापार-निवेश को नई गति, भरोसा देगा और हर क्षेत्र में नए अवसरों के दरवाजे खोलेगा। दोनों देशों का रिश्ता विश्वास की नींव पर बना, दोस्ती की ताकत से आगे बढ़ा और समय की ताकत के साथ और गहराता चला गया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है।

---

### अहम फैसला! आईटी नियम ही होंगे लागू

# ओटीटी कंटेंट सेंसर बोर्ड के नियंत्रण से बाहर ही रहेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लंबे समय से इस बात को लेकर बहस छिड़ती है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर भी सेंसर बोर्ड का दखल होना चाहिए और बिना सीबीएफसी के सर्टिफिकेट के कंटेंट नहीं स्ट्रीम होना चाहिए, मगर सरकार ने साफ़ कर दिया है कि नेटफ्लिक्स, जियो हॉटस्टर, अमेजन प्राइम वीडियो जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को सेंसर बोर्ड (सीबीएफसी) के दायरे में नहीं लाया जाएगा। इन प्लेटफॉर्म्स पर दिखाया जाने वाला कंटेंट पहले की तरह सूचना प्रौद्योगिकी नियमों के तहत ही नियंत्रित होगा। सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन ने संसद की कार्यवाही के दौरान एक




प्रश्न के जवाब में बताया कि सेंसर बोर्ड सिनेमैटोग्राफ एक्ट, 1952 के तहत काम करता है। इसके तहत पब्लिक एग्जीबिशन यानी सिनेमाघरों में दिखाया जाने वाला कॉन्टेंट आता है। जहां तक ओटीटी की बात है, उन्हें IT रूल्स, 2021 के तहत रेगुलेट किया जाता रहेगा। इसमें ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को कोड ऑफ एथिक्स का पालन करना होता है। इसका मतलब है कि वो कॉन्टेंट ओटीटी पर नहीं दिखाया जा सकता, जिस पर कानूनी रूप से रोक लगी है।

### ओटीटी इंडस्ट्री की ग्रोथ

एफआईसीसीआई-ईवाय की मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक , 2024 में ओटीटी सब्सक्रिप्शन से कमाई 11% बढ़कर 9,200 करोड़ रुपये हो गई। भारत में करीब 9.5 करोड़ से 11.8 करोड़ लोग ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के लिए पैसे देकर कंटेंट देखते हैं।

**यह नियम होंगे लागू :** ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को आईटी नियम 2021 का पालन करना होगा। इन नियमों के तहत- प्लेटफॉर्म्स को आयु के हिसाब से कंटेंट का वर्गीकरण करना, किसी भी तरह की अवैध या आपत्तिजनक कंटेंट को रोकना, एक कोड ऑफ एथिक्स फॉलो करना अनिवार्य हैं।

---

### बेल्जियम की कोर्ट ऑफ कैसेशन ने दिया झटका

# याचिका खारिज, चोकसी के प्रत्यर्पण का रास्ता साफ!

एजेंसी ▶▶| ब्रसेल्स

पंजाब नेशनल बैंक में 13000 करोड़ के घोटाले के आरोपी मेहुल चोकसी को बेल्जियम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। बेल्जियम की कोर्ट ऑफ कैसेशन ने भारत में प्रत्यर्पण के खिलाफ मेहुल चोकसी की अपील को खारिज कर दिया है। साथ ही कोर्ट ने निचली अदालत के इस निष्कर्ष की पुष्टि की है कि भारत में प्रत्यर्पण के बाद मेहुल चोकसी को टॉर्चर का सामना नहीं करना पड़ेगा।



ऐसे में अब मेहुल के भारत प्रत्यर्पण का रास्ता साफ हो गया है।

***आर्थर रोड जेल में रखा जाएगा चोकसी को :*** *गौरतलब है कि मेहुल चोकसी को भारत लाने के बाद आर्थर रोड जेल में बैरक नंबर 12 में रखा जाएगा, जिसकी तस्वीरें और मेहुल को दी जाने वाली सुविधाएं भारतीय एजेंसी ने बेल्जियम पुलिस के साथ शेयर की थीं। बेल्जियम कोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए भारतीय एजेंसी ने मेहुल चोकसी के अधिकारों और स्वास्थ्य की सुरक्षा का पूरा आश्वासन दिया था।*

**दलील नहीं कर पाए साबित**

कोर्ट ऑफ कैसेशन ने जारी आदेश में एंटवर्प कोर्ट ऑफ अपील के उस मत का समर्थन किया, जिसमें फैसला सुनाया गया था कि कि चोकसी भारत में न्याय से वंचित किए जाने या यातना, अमानवीय एवं अपमानजनक व्यवहार के खतरे को साबित करने में विफल रहे हैं. इसलिए कोर्ट ने मेहुल चोकसी की याचिका को खारिज करते हुए उसके भारत प्रत्यर्पण का रास्ता साफ कर दिया और मेहुल पर 104 यूरो का जुर्माना भी लगाया, जिसका तुरंत भुगतान करना होगा।

---

### कई और अदालतों को आया ईमेल

# बॉम्बे हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, कराया गया खाली

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद पुलिस ने पूरे परिसर को खाली करवा लिया है। पुलिस की टीम हाईकोर्ट के चप्पे-चप्पे की जांच कर रही है। मुंबई स्थित बॉम्बे हाईकोर्ट के अलावा बांद्रा और एस्प्लेनेड कोर्ट को भी बम धमाके का ईमेल आया है। मुंबई पुलिस आयुक्त के अनुसार बम की धमकी कई अदालतों और बैंकों को ईमेल के



जरिए भेजी गई थी। इससे पहले भी बॉम्बे हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है।

**बम डिटेक्शन स्क्वॉड की तैनाती :** मुंबई पुलिस कमिश्नर के अनुसार बम की धमकी मिलने के बाद दक्षिण मुंबई के फोर्ट इलाके में बॉम्बे हाई कोर्ट के परिसर को खाली कराया गया है। मुंबई की दूसरी अदालतों को भी बम की धमकियां मिलीं और पुलिस ने कोर्ट परिसर में बम डिटेक्शन यूनिट तैनात की। मुंबई पुलिस कमिश्नर ने कहा कि बम की धमकी कई अदालतों और बैंकों को ईमेल के ज़रिए दी गई थी। कमिश्नर ने मुंबई वालों को भरोसा दिलाया कि घबराने की कोई ज़रूरत नहीं है। पुलिस और बम डिटेक्शन स्क्वॉड ने धमकी वाले इलाकों को खाली करा लिया है और उनकी अच्छी तरह से जांच की है।

**जांच में झूठी निकली धमकी**

बॉम्बे हाईकोर्ट समेत मुंबई की कई अन्य अदालतों को बम ब्लास्ट की धमकी मिलने के बाद गहन जांच की गई। एक अधिकारी ने बताया कि ईमेल से आई धमकी झूठी निकली। अधिकारी ने बताया कि मुंबई पुलिस ईमेल भेजने वाले का पता लगाने में जुटी है।

---

### इंडिगो सीईओ एल्बर्स ने कर्मचारियों को वीडियो संदेश में कहा

# संकट के बाद इंडिगो को बेहतर बनाने तीन चीजों पर होगा फोकस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिसंबर की शुरुआत में देश की सबसे किफायती एयरलाइन इंडिगो के फ्लाइट्स के धड़ाधड़ कैंसिल होने से अव्यवस्था फैल गई थी। पायलट के 'ड्यूटी' के समय एवं आराम संबंधी नए नियमों को लागू करने में विफलता और कर्मचारियों की कमी के कारण इंडिगो ने 1 से 9 दिसंबर के बीच हजारों उड़ानें रद्द कर थी। हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों को आने और जाने में कई परेशानियों का सामना करना पड़ा था, हालांकि अब चीजें पटरी पर वापस आ रही हैं। इस बीच कंपनी सीईओ ने सीईओ पीटर एल्बर्स ने गुरुवार को क्रू मेंबर्स, पायलट और अपने यात्रियों के लिए इमोशनल बातें कहीं।

**सीईओ ने बताया पूरा प्लान, 'हम खुद को मजबूत करेंगे फिर से कंपनी खड़ी करेंगे'** | **हमने अपने नेटवर्क को 2,200 उड़ानों के साथ फिर किया बहाल**



### इन चीजों पर फोकस

पीटर ने कहा, '9 दिसंबर को मैंने इंडिगो के ऑपरेशन में स्थिरता आने की जानकारी शेयर की थी। उसके बाद, आज (गुरुवार को) हमने अपने नेटवर्क को 2,200 उड़ानों के साथ बहाल किया। अब हम 3 चीजों कंपनी को मजबूत करने, मूल कारण का विश्लेषण करने और फिर से वापसी करने ध्यान दे रहे हैं।'कहा कि अब उनका ध्यान अब खुद को मजबूत करने, असर कारण का विश्लेषण और फिर से वापसी करने पर है। बता दें कि ऑपरेशन संबंधी दिक्कतों के चलते इस महीने की शुरुआत में इंडिगो की हजारों उड़ानें रद्द हुईं जिससे एयरपोर्ट पर लाखों यात्रियों को असुविधा और परेशानियों का सामना करना पड़ा। सीईओ एल्बर्स ने कर्मचारियों को एक वीडियो संदेश में कहा कि इंडिगो का ध्यान ऑपरेशन के स्थिर होने के बाद अब कंपनी को फिर से खड़ा करने पर है। कंपनी के बोर्ड ने सही कारण का विश्लेषण करने के लिए एक बाहरी विमानन एक्सपर्ट को भी नियुक्त किया है।

### दिक्कतों को समझने की कोशिश

एल्बर्स ने कहा कि वह नेतृत्व दल के साथ कई स्थानों की यात्रा करेंगे ताकि कर्मचारियों से मिल सकें और व्यवधानों के दौरान उन्हें जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा, उन्हें समझ सकें। ये वे कर्मचारी हैं जिन्होंने कामकाज में बड़ी रुकावट के दौरान जमीनी स्तर पर काम किया था। ये नियम 1 नवंबर से लागू किए गए थे। नागर विमानन महानिदेशालय ([डीजीसीए) की समिति भी इंडिगो में ऑपरेशन संबंधी दिक्कतों की जांच कर रही है। इसके अलावा, इस महीने की शुरुआत में बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द होने के बाद सरकार ने इंडिगो के मौजूदा शीतकालीन कार्यक्रम (शेड्यूल) में 10% की कटौती कर दी है।



## चिंतन

# हादसों के घायलों को तुरंत मिले इलाज, तो बच सकती हैं जान

देशभर में हर साल सड़क हादसों में लाखों लोग काल का ग्रास बन रहे हैं। खास बात यह है कि इनमें युवाओं की तादाद ज्यादा है। तमाम सुधार के प्रयास और सख्त कानून के बावजूद हादसों पर लगाम लगती नहीं दिख रही। सड़क हादसे आज के समय में एक बड़ी समस्या बन गए हैं। तथ्य यह भी है कि हादसों में घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचा दिया जाए तो ज्यादातर मामलों में जान बचाई जा सकती है। आईआईएम के एक अध्ययन के अनुसार अगर घायलों को समय पर इलाज मिल जाए तो 50 हजार से अधिक जिंदगियों को बचाया जा सकता है, लेकिन केंद्र और राज्य सरकारों के तमाम प्रयासों व दावों के बावजूद सही स्वास्थ्य ढांचा, समय पर मदद और एंबुलेंस के नहीं पहुंचने के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ जाती है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर घंटे 55 दुर्घटनाएं और 20 मौतें होती हैं। अकेले 2023 की बात करें तो देश में 4,88,583 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1,72,890 लोगों की मौत हुई हैं। राज्यसभा में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने भी स्वीकारा है कि भारत में हर साल करीब 5 लाख सड़क हादसे होते हैं, जिनमें औसतन 1.8 लाख लोगों की जान जाती है। इनमें से 66% मौतें युवाओं (18 से 34 साल) की होती हैं। केंद्रीय मंत्री ने माना किया कि रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर सुधारने और कानून सख्त करने के बावजूद सरकार मौतों की संख्या घटाने में पूरी तरह सफल नहीं हो पा रही है। केंद्र सरकार राज्यों को आधुनिक एंबुलेंस देने की योजना बना रही है। इसके तहत एंबुलेंस हादसे की जगह पर 10 मिनट के भीतर पहुंचेगी, ताकि अधिक से अधिक लोगों को समय पर इलाज मिल सके और उनकी जान को बचाया जा सके। गडकरी ने बताया कि घायलों की मदद करने वाले लोगों को हमने 'राहवीर' की संज्ञा दी है। अब अगर कोई घायल को अस्पताल पहुंचाता है, तो सरकार की ओर से उसे 25,000 रुपये का इनाम मिलेगा। इसलिए लोगों को अब किसी की मदद करने से पहले दो बार सोचना नहीं होगा। तथ्य यह भी है कि बुनियादी ढांचे की कमियां, वाहन चालकों की लापरवाही और नियमों की अवहेलना सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण है। मंत्रालय की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, केवल ओवर-स्पीडिंग से 68.4 प्रतिशत दुर्घटनाएं और 68.1 प्रतिशत मौतें होती हैं। चालक अक्सर साइन बोर्ड पर लिखी गति सीमा को नजरअंदाज करते हैं और सुरक्षा नियमों के प्रति असंवेदनशील रहते हैं। इसके अलावा, कौशल की कमी और हेलमेट न पहनने से भी 54,568 लोगों की जान गई, सीट बेल्ट न पहनने से 16,025 मौतें हुईं और 33,827 दुर्घटनाओं में बिना लाइसेंस चालक शामिल थे। हादसों को रोकने के लिए कुछ कदम उठाए जा सकते हैं। देखने में आता है कि एक लेन वाले हाईवे पर आमने-सामने की टक्कर दुर्घटनाओं का बड़ा कारण है। इस पर तुरंत दखल देने की जरूरत है। जो एक लेन वाले हाईवे ज्यादा खतरनाक हैं, उन्हें बीच में मजबूत डिवाइडर लगाकर बहु-लेन सड़कों में बदलना होगा। गति सीमा तय करनी होगी और इसका सख्ती से पालन करना होगा। सड़क हादसे एक जानलेवा समस्या है, जिसका समाधान हमें मिलकर करना होगा। हमें सड़क पर सावधानी से गाड़ी चलाना, सड़कों का सुधार करना, वाहनों का रखरखाव करना और यातायात नियमों का पालन करना होगा। तभी हम सड़क हादसों को रोक सकते हैं और अपने परिवारों को सुरक्षित रख सकते हैं।



विश्लेषण
विवेक शुक्ला

# राहुल की जिद पर शाह के तर्क भारी

बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान, राहुल गांधी ने राजद नेता तेजस्वी यादव को अकेला छोड़कर विदेश दौरा किया और मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में उनके नाम की घोषणा में हस्तक्षेप किया। यह घटनाक्रम इतना गंभीर हुआ कि झारखंड की राजनीति में भी कांग्रेस को बाहर करने की बातें होने लगी थीं। राहुल गांधी की राजनीति की पहचान हमेशा जिद पर अड़े रहने की रही है। यह कोई अचरज की बात नहीं है कि उनके द्वारा उठाए गए मुद्दे संसद में भी उखाड़-फेंके गए। खासकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में कांग्रेस के चुनावी इतिहास को तर्कपूर्ण तरीके से खंडित किया। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी तक के चुनावी कदाचार को सामने रखा।

बिहार में कांग्रेस की करारी हार के बाद, राहुल गांधी के पास यह सुनहरा अवसर था कि वह अपनी छवि सुधारते हुए अपने गठबंधन के साथियों के साथ तालमेल बिठाते। बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान, उन्होंने जो गलतियां की थीं, उन्हें सुधारने का यह समय था। चुनाव के दौरान, राहुल गांधी ने राजद नेता तेजस्वी यादव को अकेला छोड़कर विदेश दौरा किया और मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में उनके नाम की घोषणा में हस्तक्षेप किया। यह घटनाक्रम इतना गंभीर हुआ कि झारखंड की राजनीति में भी कांग्रेस को बाहर करने की बातें होने लगी थीं। राहुल गांधी की राजनीति की पहचान हमेशा जिद पर अड़े रहने की रही है।



इस कारण से कांग्रेस के अंदर बहुत से नेता राहुल गांधी से खफा रहने लगे हैं। पर वे बेबस हैं। जब कांग्रेस की अपनी स्थिति इतनी खराब हो, तो यह कोई अचरज की बात नहीं है कि उनके द्वारा उठाए गए मुद्दे संसद में भी उखाड़-फेंके गए। खासकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में कांग्रेस के चुनावी इतिहास को तर्कपूर्ण तरीके से खंडित किया। उन्होंने कांग्रेस के संस्थापक जवाहरलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी तक के चुनावी कदाचार को सामने रखा। अमित शाह ने स्पष्ट रूप से यह बताया कि आज़ादी के बाद, जब प्रधानमंत्री के चुनाव के लिए मतदान हुआ था, तो सरदार पटेल के पक्ष में 28 वोट आए थे, जबकि नेहरू को केवल 2 वोट मिले थे, फिर भी नेहरू को प्रधानमंत्री बना दिया गया। शाह ने इसे स्वतंत्र भारत में लोकतंत्र का पहला अपमान बताया।

यह कांग्रेस के लिए एक शर्मनाक स्थिति थी और इस पर पार्टी कोई ठोस जवाब नहीं दे पाई। राहुल गांधी की रणनीति के बजाय, अब कांग्रेस का पूरा ध्यान यह आरोप लगाने पर केंद्रित हो गया है कि उनकी पार्टी के खिलाफ चुनावी धोखाधड़ी हो रही है। उनके पास तथ्यों और तर्कों का स्पष्ट अभाव है। यह उस पार्टी का दुर्भाग्य है, जिसका नेतृत्व यह मानने को तैयार नहीं कि उनकी पिछली गलतियों से कुछ सीखा जाए। राहुल गांधी की राजनीतिक शैली अब उस मुकाम पर पहुँच चुकी है, जहां चुनावी हार को ही अनुचित करार देना और सच्चाई को नकारना उनकी दिनचर्या बन चुकी है। राहुल गांधी ने लगातार प्रधानमंत्री मोदी पर 'वोट चोर' का आरोप लगाया, जो कि एक अप्रत्याशित और अनुशासनहीन आरोप था। जब अमित शाह ने इंदिरा गांधी के रायबरेली चुनाव में गड़बड़ी का हवाला दिया, तो कांग्रेस के सांसद चुप हो गए। अमित शाह ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए बताया कि इंदिरा गांधी का चुनाव अवैध था, और इसे छिपाने के लिए संसद में एक कानून लाया गया था, जिससे प्रधानमंत्री के खिलाफ कोई केस दर्ज नहीं हो सकता। इस बीच, अमित शाह ने सोनिया गांधी के वोटर बनने के मामले को उठाया, जहां उन्होंने सवाल किया कि कैसे एक विदेशी नागरिक के रूप में सोनिया गांधी मतदाता सूची में शामिल हो गईं। इससे कांग्रेस की साख और भी गिर गई, और पार्टी इस सवाल का जवाब नहीं दे सकी। कांग्रेस की राजनीतिक स्थिति इस समय एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) पर अटकी हुई है। राहुल गांधी का यह प्रयास है कि किसी तरह उनकी पार्टी की हार को छुपाया जा सके। वह लगातार आरोप लगा रहे हैं कि मुसलमानों को मतदाता सूची से बाहर रखा जा रहा है, लेकिन जब तक इस पर कोई ठोस प्रमाण नहीं मिलते, यह आरोप बेबुनियाद नजर आते हैं। बीजेपी ने इस मुद्दे को पूरी तरह से उठा लिया है और कोई भी बाहरी नागरिक इस पर शिकायत नहीं कर रहा।

राहुल गांधी के पास इस सवाल का भी जवाब नहीं है कि बाहरी नागरिक भारत के मतदाता कैसे बने। इसी बीच, ममता बनर्जी की सरकार और अखिलेश यादव भी एसआईआर पर सहयोग कर रहे हैं, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने इसे जारी रखने के पक्ष में फैसला लिया है। अमित शाह ने स्पष्ट कर दिया है कि घुसपैठियों को पहचान कर उन्हें देश से बाहर किया जाएगा। मोदी सरकार की यह प्रतिबद्धता है कि देश की जनसांख्यिकीय संरचना में किसी प्रकार की हेरफेर की अनुमति नहीं दी जाएगी। अमित शाह की यह स्पष्ट नीति और दृढ़ संकल्प दिखाता है कि वह किसी भी बाहरी या अवैध गतिविधि को सहन नहीं करेंगे। वहीं, राहुल गांधी अपनी जिद और राजनीति में विफलताओं से बाहर निकलने के बजाय, एसआईआर जैसे मुद्दों को हवा देकर अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

बहरहाल, कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर वोट चोरी के आरोप का चुनावी परिणाम पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं देखा गया है। इस आरोप का कांग्रेस के लिए चुनावी लाभ प्राप्त करने में सफलता न मिलने के कारण, सवाल उठने लगे हैं कि क्या यह आरोप सही तरीके से जनता तक पहुंचने में सक्षम हो पाया है या फिर यह आरोप सिर्फ राजनीतिक विपक्ष के ताने-बाने का हिस्सा बनकर रह गया है। वोट चोरी के आरोपों के बावजूद, मोदी सरकार के समर्थक इसे कांग्रेस की निराशा और चुनावी रणनीति का हिस्सा मानते हैं। वे इसे विपक्ष के एक निरर्थक प्रयास के रूप में देखते हैं, जो भाजपा के मजबूत जनाधार को कमजोर नहीं कर सकता। नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता, उनकी सरकार की योजनाओं और भाजपा के चुनावी अभियान की मजबूती ने कांग्रेस के आरोपों को प्रभावी रूप से बेअसर कर दिया है। मोदी और उनकी पार्टी ने इन आरोपों को नकारा करते हुए इसे विपक्ष की राजनीति का एक तरीका बताया है। इसके अलावा, भारतीय चुनाव आयोग की भूमिका और उसकी स्वतंत्रता पर जनता का भरोसा भी कांग्रेस के आरोपों को कमजोर करता है।

इस प्रकार, कांग्रेस के आरोपों का असर उस स्तर पर नहीं हुआ है जैसा उम्मीद की जा रही थी। लोग मोदी के खिलाफ आरोपों को ज्यादा गंभीरता से नहीं ले रहे, क्योंकि वे उन्हें कांग्रेस की चुनावी रणनीति और खुद को हताशा की अभिव्यक्ति मानते हैं। आगे चलकर, इस मुद्दे का कितना असर होगा, यह तो चुनावों के परिणामों से ही स्पष्ट होगा, लेकिन फिलहाल यह आरोप कोई खास प्रभाव डालता हुआ नजर नहीं आ रहा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

कृष्ण प्रताप सिंह



# ब्रिटिश साम्राज्य के विनाश के लिए गले लगाई शहादत !


आज स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लखनऊ के पास काकोरी में अंजाम दिए गए ऐतिहासिक ट्रेन एक्शन के तीन क्रांतिकारी नायकों रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्लाह खां और रोशन सिंह का साझा शहादत दिवस है। दूसरे शब्दों में कहें तो उनकी शहादतों की स्मृतियों को ताजा करने और उनसे प्रेरणा लेने का दिन। उनके इस कार्य को अपने साम्राज्य के लिए सीधी चुनौती मानकर देश के तत्कालीन ब्रिटिश शासकों ने 1927 में 19 दिसम्बर को यानी आज के ही दिन बिस्मिल को उत्तर प्रदेश की गोरखपुर, अशफाक को फैजाबाद (अब अयोध्या) और रोशन सिंह को मलाका (तत्कालीन इलाहाबाद, अब प्रयागराज) की जेलों में फांसी पर लटकाकर शहीद कर डाला था। सुविदित है कि हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़े इन क्रान्तिकारियों ने अपने कुछ और साथियों के साथ नौ अगस्त, 1925 को आठ डाउन सहारनपुर लखनऊ पैसेंजर ट्रेन में ले जाया जा रहा सरकारी खजाना काकोरी स्टेशन के पास लूट लिया था। उनका मानना था कि गोरी सरकार ने यह खजाना देशवासियों के चौतरफा शोषण और खुल्लमखुल्ला लूट से इकट्ठा किया है और इसे देश की मुक्ति के प्रयत्नों में खर्च करना ही उसका सबसे सार्थक उपयोग है। शहादत के वक्त, जैसी कि परम्परा है, गोरखपुर जेल में अफसरों द्वारा बिस्मिल से उनकी अंतिम इच्छा पूछी गई तो उनका दो टूक जवाब था : 'आई विश द डाउनफॉल आफ ब्रिटिश एम्पायर' यानी मैं ब्रिटिश साम्राज्य का नाश देखना चाहता हूं। शहादत से कुछ ही दिनों पहले उन्होंने उम्मीद भरी पंक्तियां लिखी थीं : मरते बिस्मिल, रोशन, लहरी, अशफाक अत्याचार से / होंगे पैदा सैकड़ों उनके रुधिर की धार से। इसी कड़ी में फैजाबाद (अब अयोध्या) की जेल में अशफाक उल्लाह खां ने (बिस्मिल से जिनकी वैचारिक एकता व दोस्ती को हिंदू मुस्लिम सद्भाव की अद्भुत मिसाल बताया जाता है) कहा था कि उनकी अंतिम इच्छा यह है कि जब उन्हें फांसी पर लटकाया जाए तो उनके वकील फांसी घर के सामने खड़े होकर देखें कि वे कितनी खुशी और हसरत से उसके फंदे पर झूल रहे हैं। बिस्मिल और अशफाक में एक और समान बात यह थी कि दोनों शायर थे और ग़ज़लें कहते थे। बिस्मिल ने तो अनेक किताबें भी लिखी थीं। इनमें ग्यारह उन्होंने खुद छपवाईं और उनकी बिक्री से एकत्र धन से क्रांति कर्म के लिए हथियार खरीदे थे। गोरी सरकार को यह बात नागवार गुजरी तो उसने ये सारी किताबें जब्त कर ली थीं। उनकी आत्मकथा, जिसे वे अपनी शहादत से कुछ दिन पहले तक लिखते रहे थे, बाद में प्रकाशित हुई थी। अशफाक की बात करें तो वे बिस्मिल की गिरफ्तारी के बाद भी अरसे तक गोरी पुलिस के शिकंजे से बचे रहे थे और कभी नेपाल, कभी कानपुर तो कभी बनारस भागते फिर रहे थे। बनारस से छिपते-छिपाते वे झारखंड स्थित मेदिनीनगर (तब डाल्टनगंज) पहुंचे तो वहां दस महीने रहे थे।



दरअसल, हुआ यह कि काकोरी ट्रेन एक्शन के डेढ़ महीने बाद 26 सितम्बर, 1925 की रात गोरी पुलिस समूचे उत्तर भारत में संदिग्धों के घरों व ठिकानों पर अभियान के तौर पर छापे मारती व धर-पकड़ करती अशफाक के शाहजहांपुर स्थित घर पहुंची तो उन्होंने खुद को घर से थोड़ी दूर स्थित एक गन्ने के खेत में छिपाकर उसकी निगाहों से बचा लिया। हालांकि इससे पहले उनके दोस्त रामप्रसाद बिस्मिल मुखबिरों व गद्दारों के चलते पुलिस के हत्थे चढ़ चुके थे और उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जा चुका था। इसके बाद यह बात कोई रहस्य नहीं रह गई थी कि अशफाक घर पर ही बने रहे तो बहुत दिनों तक खैर नहीं मना सकेंगे। आखिर वे अपने जिले शाहजहांपुर के एक पुराने दोस्त के घर पर रहने लगे, जहां उसके विश्वासघात के शिकार हो गये। इस दोस्त ने उनकी गिरफ्तारी के लिए घोषित इनाम के लालच में धोखे से उन्हें पकड़वा दिया, जिसके बाद काकोरी एक्शन में शामिल होने को लेकर उन पर पूरक मुकदमा चलाया गया और फांसी की सजा सुना दी गई। उधर, मलाका जेल में शहीद किए गए रोशन सिंह को जिन्दादिली के बगैर जिन्दगी ही बेकार लगती थी। उन्होंने कहा था : जिन्दगी जिंदादिली को मान ऐ रोशन/ वरना कितने ही यहां रोज फना होते हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# बड़े भाग मानुष तनु पावा



संकलित
दर्शन

संवाद का ऐसा सांगोपांग निर्वहन संसार के किसी स्मृति साहित्य में नहीं मिलेगा, जो श्रीरामचरितमानस में है। पूरा मानस भक्त काकभुशुंडि और ज्ञानी पक्षीराज गरुड़ के बीच का संवाद है। भक्त काकभुशुंडि वक्ता हैं और ज्ञानी गरुड़ श्रोता हैं। भक्त प्रतिपादन कर रहा है और ज्ञानी जिज्ञासा कर रहा है। भक्त के प्रतिपादन में भावना का वह समुद्र लहराता है, जिसमें तनिक भी खारापन नहीं होता है और ज्ञानी की जिज्ञासा में कुतर्क का अभाव होता है। भक्त और ज्ञानी दोनों का परम उद्देश्य रामराज्य है, जो आचरण के उपादान के बगैर संभव नहीं है। समग्र रामकथा श्रवण के पश्चात पक्षीराज गरुण काकभुशुंडि जी से सात प्रश्नों की जिज्ञासा करते हैं। पहला प्रश्न पूछते हुए वह कहते हैं कि सबसे दुर्लभ शरीर कौन सा है? काकभुशुंडि जी उत्तर देते हैं कि मनुष्य शरीर सबसे दुर्लभ है, क्योंकि मैंने स्वयं भी इसी शरीर के रहते भगवान और उनकी भक्ति को पाया है। वह कहते हैं कि मनुष्य तन ही वह उपलब्धि है, जो मोक्ष सुख का अनुभव भी करा सकता है। स्वर्ग के सुख को लोग भले ही श्रेष्ठ मानते हों, पर अंत में वह भी अल्प है और दुख का कारण बनता है। भक्त के जीवन में जो प्राप्त शरीर है, वह भी आराध्य को पाने का उपादान होने के कारण पूज्य हो जाता है। संसार में भी किसी व्यक्ति के सहयोग से यदि हमें कुछ विशेष उपलब्धि हो गई हो तो हम जीवन भर उसके कृतज्ञ रहते हैं, उसी प्रकार काकभुशुंडि जी कह रहे हैं कि शरीर मिथ्या तो तब होगा, जब इसका उद्देश्य भोगों की प्राप्ति हो, पर जब वही शरीर भगवत्प्राप्ति का साधन बन जाए तो वह अपने अभीष्ट को पाकर धन्य हो जाता है।


# जमींदार और मजदूर के कर्म का फल



संकलित
प्रेरणा

एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहाः अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था। जमींदार ने कहाः भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी? मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था। धर्मराज ने मजदूर से पूछाः तुम क्या करते थे पृथ्वी पर? मजदूर ने कहाः भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आपने सुन ली न मजदूर की बात? भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं।

## ओपनबिल स्टॉर्क



असम के मोरीगांव जिले में गुरुवार को एक एशियाई ओपनबिल स्टॉर्क खिले हुए वाटर लिली फूलों के से भरे झील के बीच शिकार के लिए जा रहा है।

## आज की पाती

### धुंध न बने दुर्घटना का कारण

बीते दिन उत्तर प्रदेश के मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर कोहरा कुछ लोगों की जान का दुश्मन बन गया। यहां लगभग सात बसें और तीन कारें गहरे कोहरे के कारण आपस में टकरा गईं। हमारे देश में दिन प्रतिदिन सड़क हादसों में जान गंवाने वालों का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। देश में सड़क हादसों में एक दिन में जितने लोग जान गंवाते हैं, उतने तो आतंकवाद के शिकार नहीं होते। या यूं कहा जा सकता है कि हमारे देश के लिए आतंकवाद से ज्यादा बड़ी समस्या सड़कों पर बढ़ते हादसों की है। वैसे तो हर मौसम में सड़क हादसों की गिनती कम नहीं होती, लेकिन सर्दियों के मौसम में धुंध में विजिबिलटी कम रहने से सड़क पर जरा भी लापरवाही जान पर भारी पड़ सकती है। सर्दियों में पड़ने वाली धुंध भी सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनती है। ऐसे उपाय खोजने होंगे कि धुंध दुर्घटनाओं का कारण न बने। - *मुकेश देवांगन, जगदलपुर*

## ट्रेंड

### नरेंद्र मोदी का सम्मान



ओमान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, 'द फर्स्ट क्लास ऑफ द ऑर्डर ऑफ ओमान' से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सम्मानित किया जाना उनकी कुशल राजनीतिज्ञता और वैश्विक नेता के रूप में उनकी स्वीकृति का एक भव्य प्रमाण है।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### मनरेगा को लागू किया



नरेगा का नाम पहले महात्मा गांधी के नाम पर नहीं रखा गया था, वह तो नरेगा थी। बाद में जब 2009 के चुनाव आए तो चुनाव और वोट के कारण बापू याद आए, महात्मा गांधी याद आए और तब उस पर महात्मा गांधी का नाम जोड़ा गया। मनरेगा को भी ताकत के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ढंग से लागू किया।
- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री

### 'आखिरी सलाम'



हमारे वीर जवानों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान से मध्यप्रदेश ने 11 दिसंबर, को नक्सलवादियों के 'लाल सलाम' को 'आखिरी सलाम' कर दिया है। अब भविष्य में ऐसी किसी गतिविधि को बढ़ने नहीं देंगे।
- डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश


### भयानक प्रदूषण



10 साल तक दिल्ली में हमारी सरकार रही, कभी इतना भयानक प्रदूषण नहीं देखा, फिर भी हमने कड़े कदम उठाए। आज हाल ये है कि बीजेपी सरकार ऑफ़िशियल एक्यूआई तक मैनेज करने में लगी है।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

# बीजिंग में वायु गुणवत्ता सूचकांक बढ़कर 215 पर



चीन की राजधानी बीजिंग में बृहस्पतिवार को धुंध छाई रही और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बढ़कर 215 पर पहुंच गया, जो "बेहद अस्वास्थ्यकारी" स्तर माना जाता है। बीजिंग में वर्षों तक हवा साफ करने के लिए अभियान चलाया गया, जिसके बाद प्रदूषण इतनी तेजी से बढ़ना दुर्लभ माना जा रहा है। चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने बुधवार को 'येलो अलर्ट' जारी करते हुए देश के कुछ हिस्सों में भारी धुंध फैलने का पूर्वानुमान जताया है। वेधशाला ने कहा कि हेबेई, बीजिंग, तियानजिन, हेनान, अनहुई, जियांग्सू, हुबेई, सिचुआन बेसिन और चोंगचिंग में बृहस्पतिवार को भारी धुंध छाई रहने का पूर्वानुमान है। बीजिंग में प्रदूषित वायु गुणवत्ता के साथ धुंध इन दिनों कम ही देखने को मिलती है, जबकि पहले यहां भारी प्रदूषण देखा जाता था। सरकार ने 2016 में कई कदम उठाए थे, जिनमें भारी प्रदूषण का कारण बनने वाले उद्योगों को बंद करना और उन्हें स्थानांतरित करना शामिल था। इसके लिए अरबों डॉलर खर्च किए गए। अधिकारियों का कहना है कि सर्दी के दौरान शहर में कोयले से चलने वाली सार्वजनिक हीटिंग व्यवस्था की जगह प्राकृतिक गैस या बिजली से चलने वाली हीटिंग व्यवस्था अपनाई गई, जिसके लिए एक अरब डॉलर से अधिक धनराशि खर्च की गई।

## ऑफ बीट

# जीवनकाल पर आहार प्रतिबंध या अच्छे जीन का असर



आखिरकार, यह लंबे समय से माना जाता रहा है कि ज्यादा समय तक जीने वाले लोगों के माता-पिता और दादा-दादी लंबे समय तक जीवित रहते हैं, जो यह दर्शाता है कि आनुवंशिकी दीर्घायु को प्रभावित करती है। हालांकि, तस्वीर को जटिल बनाने वाली बात यह है कि हम जानते हैं कि आपकी जीवनशैली, खास तौर पर आहार और व्यायाम का योग भी बुढ़ापे में आपके स्वास्थ्य और आपके जीवन की अवधि को काफी हद तक प्रभावित करता है। जीवनशैली बनाम आनुवंशिकी क्या योगदान देती है, यह एक खुला प्रश्न है जिस पर 'नेचर' में हाल में प्रकाशित एक अध्ययन ने नयी रोशनी डाली है। वैज्ञानिकों को लंबे समय से पता है कि कैलोरी का सेवन कम करने से जानवर लंबे समय तक जीवित रह सकते हैं। 1930 के दशक में, यह देखा गया कि कम कैलोरी वाले चूहे उन चूहों की तुलना में अधिक समय तक जीवित रहे जो जितना चाहें उतना खा सकते थे। इसी तरह, जो लोग शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय होते हैं वे अधिक समय तक जीवित रहते हैं। लेकिन विशेष रूप से एकल जीन को दीर्घायु से जोड़ना हाल तक विवादास्पद था।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# डकैत का टीजर रिलीज, अनुराग का दिखा दमदार अंदाज

**मुंबई।** मृणाल ठाकुर और आदिवी शेष स्टारर मच अवेटेड 'डकैत' का टीजर गुरुवार रिलीज हो गया है। अभी ये टीजर सिर्फ 'तेलुगु'में रिलीज किया गया है। यानी हिंदी दर्शकों को अभी थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। 1 मिनट 31 सेकंड के इस टीजर की शुरुआत आदिवी शेष से होती है। टीजर में पहले लव स्टोरी देखने को मिलती है, जो धीरे-धीरे एक्शन पर पहुंच जाती है। टीजर में आदिवी शेष लवर बॉय से लेकर एक्शन हीरो तक के अवतार में दिखते हैं। इसके अलावा टीजर में फिल्म की बाकी कास्ट अनुराग कश्यप, प्रकाश राज और अतुल कुलकर्णी की भी झलक दिखती है। टीजर का अंत अनुराग कश्यप पर होता है, जो फिल्म में निगेटिव रोल में नजर आएंगे।

लाइफ Style

# श्रीलीला

## फर्जी एआई फोटोज पर दुख और चिंता

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ सिनेमा की बेहद खूबसूरत और टैलेंटेड एक्ट्रेस श्रीलीला अपने फर्जी और अश्लील एआई तस्वीरों से परेशान हैं। वह घटिया तस्वीरों के सोशल मीडिया पर वायरल होने से बेहद दुखी हैं और उन्होंने एक चिंता जताने वाला पोस्ट शेयर किया है।

एक्ट्रेस ने यह भी जानकारी दी है कि उन्होंने इस बाबत पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेलेब्स के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। बीते में रश्मिका मंदाना से लेकर कीर्ति सुरेश तक, अपने डीपफेक अश्लील फोटो, वीडियो को लेकर परेशान रही हैं। अब 'गुंटूर करम' और 'पुष्पा 2' फेम श्रीलाला के इस पोस्ट को देख उनके फैंस भी चिंता में डूब गए हैं। अमेरिका के एक तेलुगू परिवार में पैदा हुईं 24 साल की श्रीलाला ने इंस्टाग्राम पर एक लंबा चौड़ा नोट शेयर किया है। वह बताती हैं कि एआई से बनी उनकी तस्वीरों ने उन्हें कितना परेशान और दुखी किया है। एमबीबीएस की पढ़ाई कर चुकी श्रीलीला ने लिखा है कि जैसे ही उन्हें इस मामले के बारे में पता चला, उन्होंने पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है। श्रीलीला ने अपने नोट में फैंस और फॉलोअर्स से एआी को सपोर्ट न करने की रिक्वेस्ट की है। वह लिखती हैं, 'मैं हाथ जोड़कर हर सोशल मीडिया यूजर से रिक्वेस्ट करती हूं कि एआई से बनी बकवास को सपोर्ट न करें। टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने और उसका गलत इस्तेमाल करने में फर्क होता है। मेरी राय में टेक्नोलॉजी में तरक्की जिंदगी को आसान बनाने के लिए होती है, न कि उसे मुश्किल बनाने के लिए।'



हॉलीवुड मसाला



# पेरिस से निकलकर पहुंची रोम

**मुंबई।** भारत में नेटफ्लिक्स पर सीरीज 'एमिली इन पेरिस' का पांचवा सीजन रिलीज हो गया है। इस बार एमिली कूपर की जिंदगी पहले से कहीं ज्यादा उलझ चुकी है। प्यार, कॅरियर और पहचान की तलाश- इन सबके बीच एमिली का सफर अब सिर्फ पेरिस तक सीमित नहीं रहा। इस नए सीजन में एमिली कूपर की कहानी एक नए मोड़ पर पहुंचती है। पेरिस की ग्लैमरस दुनिया से निकलकर वह रोम पहुंचती है, जहां उसे एजेंस ग्रातो के रोम ऑफिस में एक अहम जिम्मेदारी सौंपी जाती है।

# अवतार : फायर एंड ऐश में शानदार विजुअल्स...



**मुंबई।** 'अवतारः फायर एंड ऐश' जेम्स कैमरून की अवतार सीरीज तीसरी फिल्म है, इससे पहले 'अवतार' (2009) और 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' (2022) को ऑडियंस का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। इस फिल्म को लेकर लोगों में काफी उम्मीदें थीं, क्योंकि अवतार का नाम आते ही बड़ी फिल्म, नई दुनिया और शानदार तकनीक का ख्याल आता है। फिल्म का स्केल बहुत बड़ा है और यह देखने में भी काफी महंगी और भव्य लगती है। लेकिन, पूरी फिल्म देखने के बाद ऐसा लगता है कि तकनीक और विजुअल्स के अलावा बाकी चीजों पर उतना ध्यान नहीं दिया गया। फिल्म का स्क्रीनप्ले काफी फैला हुआ है। कई सीन ऐसे हैं जिनसे कहानी में कोई खास फर्क नहीं पड़ता। कुछ जगह फिल्म बहुत धीमी लगती है ...कुछ जगह अचानक तेज हो जाती है। अगर फिल्म को छोटा किया जाता और गैर-जरूरी सीन हटा दिए जाते, तो शायद कहानी अच्छी बन सकती थी। प्लॉट में कुछ नया आइडिया नहीं था। कई जरूरी सीन जल्दी खत्म हो जाते हैं, जबकि कुछ कम जरूरी सीन काफी देर तक चलते रहते हैं। इससे फिल्म की पकड़ ढीली पड़ जाती है।


# कार्तिक-अनन्या की जमी जोड़ी



**मुंबई।** कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का ट्रेलर अंततः गुरुवार को रिलीज हो गया है। फिल्म की रिलीज से सिर्फ एक हफ्ते पहले मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर जारी किया है। ट्रेलर की शुरुआत कार्तिक के साथ होती है, जिसमें वो कहते हैं कि बीते कल और आने वाले भविष्य की छोड़कर सिर्फ वर्तमान में जीना चाहिए। जो मौजूदा वक्त में आपके पास है, उस पल का आनंद लो। इसके बाद ट्रेलर में अनन्या की एंट्री होती है, जो फिल्म में एक लेखक बनी हैं। 3 मिनट 21 सेकंड के इस ट्रेलर में कुछ भी नया देखने को नहीं मिलता है। कार्तिक लड़की को इंप्रेस करने के लिए क्रीपी पंच लाइन मारते हैं। ट्रेलर में विदेशों की अच्छी-अच्छी लोकेशन जरूर भाती हैं। बाकी सबकुछ आपको पहले की फिल्मों में देखा हुआ लगेगा। ट्रेलर में फिल्म की बाकी कास्ट की भी झलक दिखती है। जिसमें जैकी श्रॉफ और नीना गुप्ता प्रमुख रूप से नजर आते हैं। हालांकि, उन्हें ट्रेलर में ज्यादा स्पेस नहीं मिला है। कार्तिक आर्यन अपने चिर-परिचित अंदाज में ही दिखे हैं। उन्हें देखकर ऐसा लगता है कि इस बार भी वो भूल भुलैया 2-3, शहजादा और लुका छुपी वाले अंदाज में ही पंच लाइन मारते और हंसते नजर आएंगे। जबकि अनन्या को देखकर भी कुछ अलग नहीं लगता। समीर विद्वांस द्वारा निर्देशित 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' को करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।

**स्पाइडर मैन 4 का ट्रेलर हुआ लीक, सैडी सिंक की हुई एंट्री :** लॉस एंजिल्स। मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के फैंस के लिए यह हफ्ता किसी झटके से कम नहीं रहा। पहले 'अवेंजर्स-डूम्सडे' के कथित लीक ट्रेलर ने हलचल मचाई और अब खबरें हैं कि टॉम हॉलैंड स्टारर 'स्पाइडर मैन- ब्रैंड न्यू डे' का ट्रेलर भी इंटरनेट पर सामने आ गया है। इस लीक वीडियो की सबसे बड़ी चर्चा 'स्ट्रेंजर्स थिंग्स' फेम सैडी सिंक को लेकर है। माना जा रहा है कि वह फिल्म में एक अहम किरदार निभा रही हैं। वीडियो में एक महिला आवाज स्पाइडर-मैन को चेतावनी देती सुनाई देती है कि वह उससे दूर रहे।

# अनुपमा को लगा झटका, नंबर एक पर बिग बॉस ने बनाई जगह



**नई दिल्ली।** हर हफ्ते की तरह ही इस हफ्ते के टॉप 10 हिंदी सीरियल्स की लिस्ट जारी कर दी गई है। ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल ने 18 दिसंबर को टॉप 10 हिंदी सीरियल्स की लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में बड़ा बदलाव हुआ है। पिछले काफी हफ्तों से नंबर 1 पर रहा अनुपमा इस हफ्ते नंबर 2 पर आ गया है। पहले नंबर बिग बॉस ने जगह बना ली है। अनुपमा और बाकी सीरियल्स को पछाड़ कर बिग बॉस ने नंबर 1 पर जगह बनाई है। बिग बॉस की टीआरपी 2.2 रिकॉर्ड की गई है। बता दें, हाल ही में बिग बॉस 19 का फिनाले हुआ था और गौरव खन्ना इस सीजन के विनर हैं। पिछले कई हफ्तों से नंबर 1 पर रहने वाला अनुपमा इस हफ्ते नंबर दो पर आ गया है। अनुपमा की टीआरपी 2.1 रिकॉर्ड की गई है। पिछले हफ्ते भी शो की टीआरपी 2.1 थी। क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2: लिस्ट में तीसरे नंबर पर स्टार प्लस का सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 है। शो की टीआरपी 2 रिकॉर्ड की गई है। पिछले हफ्ते शो की टीआरपी 1.9 थी।

# पायल गेमिंग के सपोर्ट में आईं अंजलि



**नई दिल्ली।** इन्फ्लुएंसर और यूट्यूबर पायल गेमिंग इन दिनों कथित एमएमएस के चलते सुर्खियों में हैं। बताया जाता है कि वायरल एमएमएस वीडियो में पायल गेमिंग हैं। हालांकि, उन्होंने दावा किया है कि यह एमएमएस उनका नहीं है। इस मामले पर अब एक्ट्रेस अंजलि अरोड़ा की प्रतिक्रिया सामने आई है। अंजलि अरोड़ा ने अपने साथ हुए इसी तरह के एक मामले को याद किया है। उनके मुताबिक ऐसे झूठ का दर्द लड़कियां वर्षों तक झेलती हैं, जबकि इसे फैलाने वाले इसके बारे में नहीं सोचते हैं। पायल गेमिंग के मामले को लेकर अंजलि अरोड़ा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की है। उन्होंने लिखा 'तीन साल पहले मैंने एक फेक एमएमएस वायरल होने का दर्द झेला था।

# देओल परिवार ने हेमा को कर दिया साइडलाइन



**मुंबई।** धर्मेंद्र की प्रेयर मीट में हेमा मालिनी क्यों नहीं गईं थीं? इस सवाल का कॉलमनिस्ट और राइटर शोभा डे ने जवाब दिया है। उन्होंने हाल ही में दिए इंटरव्यू में यह दावा किया है कि दिग्गज एक्टर धर्मेंद्र की मौत के बाद उनके परिवार ने हेमा मालिनी को पूरी तरह से किनारे कर दिया था, इसलिए वह धर्मेंद्र की प्रेयर मीट में नहीं गईं थीं। एक इंटरव्यू में शोभा डे ने दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र के दोनों परिवार के रिश्तों पर बात की। उन्होंने कहा, 'देओल परिवार ने हेमा को पूरी तरह अलग-थलग कर दिया, उन्होंने उन्हें उनसे दूर कर दिया, जिसके साथ उन्होंने अपनी जिंदगी के 45 साल बिताए थे। उन्हें बहुत दुख हुआ होगा, लेकिन उन्होंने यह सब अपने अंदर रखा। उन्होंने जिस तरह से संभाला और जब उन्होंने कोई पब्लिक फंक्शन किया, तो मुझे लगा कि उन्होंने इसे बहुत गरिमा के साथ किया। न सिर्फ अपने लिए. बल्कि उस इंसान के लिए भी जिसे उन्होंने खो दिया था।' शोभा ने आगे कहा, 'हेमा खुद एक बड़ी पर्सनैलिटी हैं, वह चाहतीं तो इस बात का मुद्दा उठा सकती थीं, लेकिन उन्होंने गरिमा को चुना। मुझे लगता है कि यह उनके कैरेक्टर के बारे में बहुत कुछ कहता है। वह बहुत आसानी से, एक तरह से, यह अच्छा शब्द नहीं है, लेकिन, धरम जी के गुजरने के तुरंत बाद उन इमोशनल पलों को हाईजैक कर सकती थीं। हालांकि, उन्होंने ऐसा नहीं किया।

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

## Appointment आवश्यकता

### सुरक्षागार्ड

**अतिशीघ्र आवश्यकता है-** कंप्यूटर ऑपरेटर 2 टेंडर कार्य, 20000 मार्केटिंग ऑफिसर 3, 40000 योग्यता MA/ MBA सुपरवाइजर 15, 15000 फील्ड अधिकारी 5, सुरक्षा गार्ड 66, 13000, 10000 वेतन योग्यतानुसार **संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06-जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ीनाका रायपुर** 7747000016, 7746000016, 7746000019. (RO-348)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** होलसेल खिलौना दुकान बंजारी चौक, गोल बाजार के पास कार्य हेतु मेहनती लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है **संपर्क रायपुर** 8349712577/ 9981390074.(RO-431)

**आवश्यकता है-** हार्डवेयर नट बोल्ट दुकान में काम हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता योग्यता पांचवी, बारहवीं वेतन 14000 से योग्यतानुसार **बॉम्बे मार्केट राज टॉकीज के सामने** 9993244000. (RO-4049)

### सेल्समैन

**आवश्यकता है-** वही केवल वही सेल्समैन हमसे संपर्क करें जिसको होलसेल रेडीमेड एवं कपड़े की लाइन का अनुभव और पूर्ण जानकारी हो वेतन 15000 से अधिक आपकी योग्यताअनुसार **संपर्क** 9340247171.(RO-112)

### पैकिंग कार्य

**आवश्यकता है-** बैग मेकिंग, कटिंग मशीन और पैकिंग कार्य हेतु अनुभवी एवं नए लड़के लड़कियों की आवश्यकता। वेतन योग्यता अनुसार। **सम्पर्क- बंजारी मंदिर, रावाँभाटा, भानपुरी रायपुर** 9993236555, 6260987110.(RO-113)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 35 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें ) सैलरी 21,000/- प्रतिमाह । रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी । जो तत्काल जॉइन कर सके वही संपर्क करें, बेवजह कॉल ना करें । **पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क :-** 9644720222. (RO-20)

### कम्प्युटर ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** थोक दवा दुकान में कार्य करने हेतु **कंप्यूटर ऑपरेटर** की आवश्यकता है (न्यूनतम 3 वर्ष अनुभवी) सैलरी 10000/- से 13000/- **संपर्क श्री मेडिकल एजेंसी 27 पुराना मेडिकल काम्पलेक्स रायपुर मो.** 9009580000. (RO-6599)

### एकाउन्टेंट

**आवश्यकता है-** ऑफिस में एकाउंटिंग कार्य के लिये (फुल टाइम) स्टाफ की आवश्यकता है । बेसिक कम्प्यूटर ज्ञान अनिवार्य है । **संपर्क करें:-** 9039330555. (RO-429)

### कांट्रेक्टर

**आवश्यकता है-** उरला इंडस्ट्रियल एरिया, रायपुर में फैक्ट्री में कैंटीन चलाने के लिए कांट्रेक्टर की आवश्यकता है। **संपर्क करे:** 8357065592. (RO-0095)

### मार्केटिंग/टेलीकॉलर

**आवश्यकता है-** पेंट, सीमेंट शोरूम में कार्य हेतु मार्केटिंग स्टाफ- टेली कॉलिंग, कलेक्शन पर्सन-की आवश्यकता है, आकर्षक वेतन योग्यतानुसार **संपर्क: नरेश ट्रेडर्स, टाटीबंध रायपुर** 9827163561.(RO-411)

क्लासीफाईड

### फर्नीचर कार्य

**आवश्यकता है-** फनीचर फैक्ट्री रायपुर भाठागाव मे काम करने के लिए 2 नये लडको की आवश्यकता है । वेतन योगयताअनूसार **संपर्क करें-** 6268718481. (RO-A)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 10वी, 12वी, पास लड़कों की अवसकता है जो ग्वालियर में रहकर काम कर सके वेतन- 12000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री, ट्रेनिंग बाद 12,000 से 20000 महीने। **संपर्क करें-** 6269626054, 8982690021.(RO-523)

**आवश्यकता है-** मैसर्स शारदा प्रसाद साव , रानी अवंती बाई चौक कोहका भिलाई में आफिस कार्य हेतु लड़के की आवश्यकता है। **सम्पर्क करें -** 76928-88808, 99261-23539.(आरो न.-4124)

**शीघ्र आवश्यकता है-** जो बाहर रहकर कार्य कर सके, इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के, आयु 18 से 30 वर्ष वेतन 12000 + कमीशन + बोनस के साथ कमाए 20000 तक रहना फ्री + गाड़ी किराया + कोई शुल्क नहीं लगेगा **संपर्क करें-** 9109258234, 7415455110. (Ro- 522)

**आवश्यकता है-** ऑफिस में कार्य हेतु, लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है। दुर्ग, भिलाई निवासी को प्राथमिकता। वेतन योग्यतानुसार, **संपर्क- डॉ.एच.सी.अग्रवाल मो.- 6177-89223, 94255-55659 मिलने का समय- शाम 5 बजे से 8बजे तक पता- स्टेशन रोड स्वरूप टॉकीज के सामने ब्राइट फर्निचर के पीछे दुर्ग (छ.ग.)** (आरो न.-4125)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**शीघ्र आवश्यकता है-** जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के , आयु 18 से 30 वर्ष वेतन 12000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना फ्री +गाड़ी किराया +कोई शुल्क नहीं लगेगा **संपर्क** 7880003190, 7880003160. (RO-521)

### इलेक्ट्रीशियन

**आवश्यकता है-** रायपुर शहर में इलेक्ट्रिकल कार्य करने के लिए कुशल इलेक्ट्रिशियन की आवश्यकता है। शीघ्र **संपर्क करें- नरेंद्र साहू आजाद चौक रायपुर मो.** 7024177554, 8120747449.(RO-6504)

### सर्वे कार्य

**आवश्यकता है-** N.S.N. कंपनी में सर्वे कार्य हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता हैं, उम्र 18 से 35 वर्ष, सैलरी 10 से 15 हजार, रहना फ्री **संपर्क करें:- रायपुर-** 9993929100, **भिलाई-** 9827622050. (RO-411)

### हेल्पर

**आवश्यकता है-** बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़को की आवश्यकता है रूम बिजली की सुविधा फ्री। **पता- बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर** 7828735534. (RO-39436)

### अन्य

**आवश्यकता है-** पेंसिल पैकिंग शिक्षित बेरोजगार महिला पोस्ट घर बैठे काम करके 45000/-से 75000/- NOC फीस 620/- WhatsApp Contact Vipin Gupta.9627368501. (RO-1266)

## Property प्रापर्टी

### कृषि भूमि

**बेचना है -** निपनिया रेल्वे स्टेशन से 3km दूर ग्राम गोढ़ी/ लमती में 1.30 एकड़ कृषि भूमि 7लाख रुपए प्रति एकड़ की दर से बेचना है। **सम्पर्क करें- पल्लव भवन बिलासपुर** 8823807766. (RO-39432)

## Finance फायनेंस

**फाइनेंस -** रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर - (50,000/- से 25 लाख तक )(1% ब्याज वार्षिक ) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिज़नेस, दुकानदारी, ग्रुपलोन, सिविल ख़राब लोन पाए, **संपर्क** - 9311830460. (RO-4335)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

RAIPUR Smart BUSINESS
GST रजिस्ट्रेशन नम्बर बनवाएं मात्र 3 दिन में
5 साल पुरानी ITR फाइल बनवाएं मात्र 5000/- में (व्हाट्सएप पर बनवाएं)
www.onlytds.com
GST-Return
प्रोजेक्ट रिपोर्ट
TDS रिफंड
CMA DATA
MSME रजिस्ट्रेशन
Food लाइसेंस
संपर्क - शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद
"तलाश की नई सुबह"
तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad.
6263818152

Healthcare
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330



क्रिसमस का अवसर हो और रेड ड्रेस पहने, लंबी सफेद दाढ़ी वाले तुम सबके फेवरेट सांता क्लॉज का जिक्र ना आए, ऐसा कैसे हो सकता है! सांता क्लॉज, दूसरों के साथ प्यार-खुशी बांटने का संदेश देते हैं। इसके अलावा और भी बहुत-सी अच्छी बातें हैं, जो तुम अपने प्यारे सांता से सीख सकते हो, खुद भी किसी के सांता बन सकते हो।

# प्यारे सांता क्लॉज से सीखो ये अच्छी-प्यारी बातें

फेस्टिव मैसेज
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, क्रिसमस पर तुमको सबसे ज्यादा बेसब्री से इंतजार रहता है, ढेरों गिफ्ट बांटने वाले क्यूट से सांता क्लॉज का, है न! दुनिया भर के बच्चों के फेवरेट सांता, न केवल सब पर प्यार बरसाते हैं, सबकी मदद भी करते हैं। इसीलिए, सबका प्यार पाते भी हैं। सबको गिफ्ट के रूप में खुशियां बांटने वाले सांता, बहुत गुणी भी हैं। उनकी कई गतिविधियां और गुण बहुत प्रेरणादायी हैं। अगर तुम ध्यान दो तो इनसे बहुत सी अच्छी-अच्छी बातें और बर्ताव सीख सकते हो। हंसी-खुशी क्रिसमस का पर्व मनाते हुए सांता क्लॉज की इन बातों के बारे में तुमको जरूर जानना चाहिए।

## सबकी मदद के लिए तत्पर

सांता का मन बहुत उदार है। वे खुले दिल से सबकी मदद करते हैं। सांता जब खुशियां बांटने निकलते हैं तो कोई ऊंच-नीच नहीं देखते। बिना किसी भेदभाव के उपहार बांटकर उनका मन आनंदित होता है। इससे पता चलता है कि सांता दयालुता और दूसरों की भलाई को बहुत अहम मानते हैं। खासकर बच्चे तो उन्हें बहुत प्रिय हैं। तभी तो क्रिसमस पर सांता हर बच्चे के लिए गिफ्ट छोड़ जाते हैं। तुम सबकी जरूरतों और इच्छाओं को समझते हैं। उनके व्यवहार के इस सुंदर पहलू से तुम भी नेकी की राह पर चलना सीख सकते हो। अपने आस-पास के लोगों की छोटी-छोटी इच्छाओं को समझकर उनके मददगार बन सकते हो।



## कायम रखो भरोसा

सांता क्लॉज, किसी का भरोसा ना तोड़ने और उम्मीदों पर खरे उतरने की बहुत प्यारी-सी बात भी सिखाते हैं। साथ ही यह भी समझाते हैं कि हमें खुद भी हर परिस्थिति में आशावान रहना चाहिए। सांता, बच्चों के विश्वास पर खरा उतरने के लिए उन तक पहुंचने का हर संभव प्रयास करते हैं। बच्चों की चाहत वाले पत्र (विश लेटर) पढ़ते हैं। प्रार्थनाएं सुनकर उन्हें पूरा करते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि वे बदले में किसी से कोई उम्मीद नहीं रखते। वे किसी का भरोसा नहीं तोड़ते हैं। बच्चो, घर के बड़े हों या टीचर्स, तुम्हारे लिए उनके मन में भी बहुत भरोसा होता है। अच्छी बातें सीखने का भरोसा, गलत रास्ते पर न चलने का भरोसा। बुरी भाषा और बर्ताव से बचने का भरोसा। तुम्हें उनके विश्वास को कभी नहीं तोड़ना चाहिए। बड़े होने पर यही अच्छी और सच्ची बातें तुम्हारे व्यक्तित्व को भी बहुत प्यारा और प्रभावी बना देंगी।



## सबके प्रति समानता का भाव

बच्चो, सहायता के भाव के साथ समानता की सोच भी जरूरी है। यह बात भी सांता से सीखी जा सकती है। सांता अपनी पोटली में हर देश, हर वर्ग के बच्चों के लिए उपहार लेकर निकलते हैं। हर कल्चर और हर बैकग्राउंड के बच्चों को त्योहार की सौगात देते हैं। असल में सबकी भलाई का भाव लिए सांता का व्यवहार हर तरह से अच्छा बनने की ही प्रेरणा देता है। इसीलिए सांता क्लॉज से दया, ईमानदारी और मानवीय भावों को समझने की प्यारी सीख जरूर लेनी चाहिए।

## अनुशासन और समर्पण

सांता क्लॉज अनुशासन की भी सीख देते हैं। साथ ही अपने काम को लेकर उनका समर्पण भी कमाल का है। दुनिया भर के बच्चों तक उपहार पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाने वाले सांता, हमें यह भी समझाते हैं कि किसी भी काम को करने का मन बना लिया जाए तो कुछ भी मुश्किल नहीं। कहा जाता है कि सांता पूरे साल बच्चों के लिए खिलौने बनाते हैं। क्रिसमस की रात उन्हें दुनिया के हर कोने में रहने वाले प्यारे बच्चों तक पहुंचाते हैं। क्रिसमस पर कई देशों में कड़ाके की ठंड पड़ती है। कहीं बर्फीले तूफान चलते हैं। बावजूद इसके सांता अपने काम को पूरा करते हैं, पूरी लगन से अपनी यह जिम्मेदारी निभाते हैं। जिस तरह से सांता अनुशासित होकर समर्पण से अपना काम सफलतापूर्वक पूरा करते हैं, उसी तरह अच्छे से पढ़ाई करने की बात हो या अपनी पसंद के किसी खेल में माहिर होना हो। आलस्य पर जीत हासिल करना हो या अपनी हेल्थ का खयाल रखना हो। बच्चो, समर्पण और अनुशासन से सब कुछ किया जा सकता है। यह कभी न भूलो कि किसी लक्ष्य को पाने के लिए टाइम मैनेजमेंट, डिसिप्लिन और डेडिकेशन सबसे जरूरी होता है। यह खुद को ही नहीं अपने मम्मी-पापा, टीचर्स और फ्रेंड्स सभी को खुशी देने वाला गुण है।

## अपना ध्यान रखने की प्रेरणा

दूसरों को खुशियां बांटने की सीख के साथ-साथ खुद अपनी देखभाल की समझ भी प्यारे सांता हमें देते हैं। दुनिया भर में गिफ्ट की डिलिवरी करते सांता, व्यस्तता में भी ब्रेक लेना नहीं भूलते। क्रिसमस पर जो तुम सांता के लिए दूध का गिलास और कुकीज घर के बाहर रखते हो, उन्हें खाने-पीने के लिए वे थोड़ा रुकते हैं, सुस्ताते हैं। यानी अपना खयाल भी रखते हैं सांता।



बच्चो, क्रिसमस पर सांता, खुशियों का संदेश बांटते हुए ही घूमते हैं। तुम उनसे हमेशा खुश रहने और खुशियां बांटने का पाठ सीख सकते हो। *

सेलिब्रेशन / पुष्पेश कुमार पुष्प

# क्रिसमस से जुड़ी कुछ रोचक परंपराएं



इन दिनों पूरी दुनिया में क्रिसमस मनाने की तैयारी हो रही है। क्या तुमको पता है कि इस फेस्टिवल को कुछ देशों में बहुत अलग-रोचक तरीके से मनाया जाता है? इनमें से कुछ रोचक परंपराओं के बारे में तुम्हें यहां बता रहे हैं।

बच्चो, क्रिसमस का त्योहार पूरी दुनिया में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। कई देशों में क्रिसमस के साथ रोचक परंपराएं भी जुड़ी हुई हैं। विभिन्न देशों में क्रिसमस मनाने का अपना अलग-अलग तौर-तरीका भी है।

**सड़कों को सजाते हैं:** पश्चिमी देशों में क्रिसमस के अवसर पर चर्च और इसके आस-पास की सड़कों को आकर्षक ढंग से सजाया जाता है। जगह-जगह तोरण द्वार बनाए जाते हैं एवं इन द्वारों के ऊपर क्रिसमस ट्री की डालियां सजाई जाती हैं। 'मैरी क्रिसमस' लिखे बैनर और होर्डिंग्स भी इन तोरण द्वारों पर लगाए जाते हैं।

**लगाते हैं देव प्रतिमाः** इंग्लैंड में क्रिसमस के अवसर पर क्रिसमस ट्री के पास देव प्रतिमा लगाने की परंपरा है। इस परंपरा की शुरुआत 19वीं सदी के मध्य में इंग्लैंड के तत्कालीन राजकुमार एल्बर्ट ने की थी। क्रिसमस वृक्ष पर देव प्रतिमा लगाने की परंपरा को बाद में कई देशों ने भी अपना लिया।

**आतिशबाजी और झांकियां:** क्रिसमस पर आतिशबाजी करने की परंपरा की शुरुआत सर्वप्रथम फ्रांस में हुई। बाद में क्रिसमस के मौके पर आतिशबाजी करने की इस परंपरा को अधिकतर देशों ने अपना लिया। अन्य देशों की तरह फ्रांस के निवासी भी मध्यरात्रि में चर्च में प्रार्थना करते हैं और सुबह संत निकोलस की प्रतिमा की झांकी निकालते हैं।

**पुडिंग बनाते-खाते हैं:** पुराने समय में क्रिसमस के अवसर पर आलू बुखारे से व्यंजन बनाए जाते थे। बाद में इस व्यंजन के तर्ज पर ही पुडिंग बनाने की परंपरा की शुरुआत हुई। अब लगभग सभी देशों में क्रिसमस के मौके पर पुडिंग बनाए जाते हैं।

## लगाते हैं क्रिसमस ट्री

नीदरलैंड में क्रिसमस के मौके पर क्रिसमस ट्री लगाने की परंपरा है। साथ ही यहां के छोटे-छोटे बच्चे अपने हाथों में रंग-बिरंगे फूलों का गुलदस्ता और स्मॉल क्रिसमस ट्री लेकर चर्च जाते हैं। वहां वे फादर यानी चर्च के पादरी को गिफ्ट करते हैं और क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हैं।



**बच्चे-बड़े करते हैं एंज्वॉय:** ऑस्ट्रेलिया के लोग क्रिसमस के मौके पर समुद्र के किनारे जाते हैं और वहां बालू से खेलते हैं, एंज्वॉय करते हैं। मैक्सिको में क्रिसमस के अवसर पर बच्चों की आंखों पर पट्टियां बांध दी जाती हैं और फिर उन्हें मिट्टी के बर्तन तोड़ने के लिए कहा जाता है, जो उनसे कुछ दूर रखे होते हैं। इन बर्तनों में मिठाइयां या कुकीज भरी होती हैं। बर्तन टूटने के बाद ये मिठाइयां बच्चों में बांट दी जाती हैं। *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

# हिंदी में पढ़ो जापानी कहानियां



प्यारे बच्चो, इस बार हम तुम्हें जापानी भाषा में लिखी गई पांच कहानियों की एक किताब के बारे में बता रहे हैं, जिसका हिंदी अनुवाद अभी छपकर आया है। इस किताब का शीर्षक 'अचरज ग्रह की दंतकथा' है। इसके लेखक हैं ताजिमा शिंजी। बच्चो, जब हम दूसरे देशों में लिखी गई कहानियों को पढ़ते हैं तो अलग भौगोलिक तथा सामाजिक परिस्थितियों से परिचित होते हैं। हमारी कल्पना शक्ति को और विस्तार मिलता है। यहां भी बिलकुल ऐसा ही है। बड़ी निराली कहानियां हैं पांचों। पहली कहानी, एक लोमड़ी के आदमी बनकर पछताने की रोचक कहानी है। दूसरी कहानी, आकाशगंगा के एक छोटे से ग्रह के लोगों के हमारी पृथ्वी के प्रति आकर्षण और हमसे उनकी उम्मीद की कहानी है। बाकी तीन कहानियां भी तुम्हें अलग-अलग दुनिया में ले जाएंगी। ये कहानियां हम सभी से अच्छा इंसान बनने की उम्मीद करती हैं। ये सभी कहानियां तुमको जरूर पसंद आएंगी। *

**किताब:** अचरज ग्रह की दंतकथा (जापानी कहानियां), **लेखक:** ताजिमा शिंजी, **हिंदी अनुवाद:** हरीश नारंग, **मूल्य:** 75 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्य अकादमी, नई दिल्ली

## बूझो तो जानें



1
आधी रात को घर में आता
उपहारों का थैला लाता
बच्चों के तकिए के नीचे
चुपके से उनको सरकाता

2
पेड़ सजाते पेस्ट्री खाते
सब मिल-जुलकर कर कैरल गाते
झूम-झूमकर नाच-नाचकर
जन्मदिवस एक खास मनाते

3
चीड़ कहो या देवदार
यह पेड़ है सदाबहार
इस पर हम उपहार सजा कर
खूब मनाते हैं त्योहार

- आशा शर्मा

उत्तर : 1.सांता क्लॉज, 2.क्रिसमस, 3.क्रिसमस ट्री

## जीके क्विज-184



1. हाल ही में किस भारतीय त्योहार को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया गया है?
2. टेस्ट, ओडीआई और टी-20 क्रिकेट में 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी कौन बने हैं?
3. भारत रत्न से सम्मानित पहले विदेशी नागरिक कौन थे?
4. स्टैच्यू ऑफ यूनिटी भारत के किस राज्य में स्थित है?
5. भारत का अंतिम वायसराय कौन था?
6. हीराकुंड बांध किस राज्य में स्थित है?
7. उज्जैन किस नदी के किनारे बसा है?
8. वर्ष का सबसे छोटा दिन और सबसे बड़ी रात किस तारीख को होती है?
9. हाल ही में किस भारतीय महिला रेसलर ने संन्यास से वापसी की घोषणा की है?
10. मूर्ति देवी पुरस्कार किस क्षेत्र में प्रदान किया जाता है?

**बच्चो, जीके क्विज-184 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-183 का उत्तर :** 1.गुजरात, 2.मंगूभाई छगनभाई पटेल, 3.फॉर्मिक एसिड, 4.शतरंज, 5.इंडोनेशिया, 6.पेरिस, 7.मौलाना अबुल कलाम आजाद, 8.एडोल्फ हिटलर, 9.पेडोलॉजी, 10.नाइट्रोजन

**जीके क्विज-183 का सही उत्तर देने वाले :** चेतन-बालोद, देवेश-रायपुर, हर्ष-बिलासपुर, अंचित-दुर्ग, कन्हैया-महासमुंद, प्रवीण-रोहतक, हर्षिता-बलौदा बाजार, केशव-भोपाल, कनिष्क-धमतरी, प्रियांशु-हिसार, लक्ष्य-मटियारी

कहानी



हरीश कुमार 'अमित'

क्रिसमस सेलिब्रेशन के लिए पीटर ने खूब सारी शॉपिंग की प्लानिंग की थी। लेकिन शॉपिंग के लिए जब वह अपने दोस्त माइकल और उसकी मम्मी के साथ मार्केट जा रहा था तो उसने कुछ सोचकर अपनी प्लानिंग ही बदल दी। ऐसा क्या हुआ कि पीटर की शॉपिंग प्लानिंग बदल गई।

# क्रिसमस की खुशियां



एआई इमेज

शाम को अपने दोस्तों के साथ खेलकर पीटर कुछ जल्दी घर लौट रहा था। वह बड़ा उत्साहित था क्योंकि अगले दिन क्रिसमस था। इसीलिए आज उसे अपनी मम्मी के साथ क्रिसमस की खरीदारी करने बाजार जाना था। अपने घर पहुंचकर उसने बेल बजाई, लेकिन मम्मी को दरवाजा खोलने में थोड़ी देर लग गई।

'मम्मी, क्या हुआ दरवाजा खोलने में बहुत देर कर दी आपने?' कमरे में प्रवेश करते हुए पीटर ने पूछा।

'बेटा, मुझे अचानक बहुत तेज बुखार हो गया है, इसलिए बिस्तर से उठकर दरवाजे तक आने में थोड़ी देर हो गई।' मम्मी ने जवाब दिया।

'मम्मी, अब आप जल्दी से तैयार हो जाओ। हमें मार्केट जाना है न, क्रिसमस की शॉपिंग के लिए।' पीटर अपनी ही धुन में बोला, जैसे उसने मम्मी की बात सुनी ही न हो। उसे बाजार जाने की जल्दी जो थी।

'बेटा, अभी बताया न! मेरी तबीयत खराब है। मुझसे उठा भी नहीं जा रहा। मैं तो तुम्हारे साथ मार्केट जा नहीं पाऊंगी।' मम्मी ने दरवाजा बंद कर, अंदर आते हुए कहा।

मम्मी की बात सुनकर पीटर मायूस होकर बोला, 'मम्मी, तो फिर क्रिसमस की शॉपिंग कैसे हो पाएगी? पापा भी इस बार छुट्टी लेकर घर नहीं आ पाए!'

पीटर के पापा सेना में हैं। इन दिनों उनकी पोस्टिंग घर से बहुत दूर देश के सीमावर्ती राज्य में है। क्रिसमस के त्योहार पर उन्हें एक सप्ताह की छुट्टी लेकर घर आना था, मगर किसी इमरजेंसी ड्यूटी की वजह से उन्हें छुट्टी नहीं मिल पाई और वे घर नहीं आ सके थे। पीटर को उदास देखकर मम्मी बोलीं, 'बेटा, तुम चिंता मत करो। मैंने पड़ोस में रहने वाले माइकल की मम्मी से बात कर ली है। वे माइकल को लेकर कुछ ही देर में क्रिसमस की शॉपिंग के लिए मार्केट जाएंगी। मार्केट जाते हुए वे हमारे घर आ जाएंगी और तुम्हें भी अपने साथ ले जाएंगी। तुम्हें जो-जो खरीदना हो, वे खरीदवा देंगी। तुम्हारा सामान खरीदने के लिए मैं उन्हें पैसे दे दूंगी। अब तुम उनके साथ मार्केट जाने के लिए फटाफट तैयार हो जाओ। मैं दवाई खाकर थोड़ा रेस्ट करूंगी।'

पीटर बाजार जाने के लिए तैयार होने लगा। थोड़ी देर बाद माइकल और उसकी मम्मी आ गए। पीटर उनके साथ बाजार चला गया।

बाजार जाते हुए रास्ते में पीटर ने माइकल से कहा, 'मैं तो बड़ा-सा क्रिसमस ट्री लूंगा और उसको सजाने के लिए बहुत सी मोतियों की लड़ियां, रिबन, स्टार्स और मोमबत्तियां भी खरीदूंगा! बड़ा वाला केक और ढेर सारी चॉकलेट भी लूंगा!'

'ये सब चीजें तुम अपने लिए ही लोगे क्या?' पीटर की बात सुनकर माइकल ने पूछा। 'हां, अपने लिए ही तो लेना है यह सब। क्रिसमस सेलिब्रेशन के लिए।' पीटर ने उत्साहित होकर बताया।

'वो तो ठीक है, लेकिन क्रिसमस पर दूसरों की मदद करने के लिए तुम क्या करोगे?' माइकल ने उससे सवाल किया।

'मदद.. मदद किसकी? क्रिसमस तो हमें खुद ही मनाना है न! इसमें दूसरों की मदद क्या करनी है?' पीटर ने हैरानी से पूछा।

'देखो पीटर, हम तो क्रिसमस पर अपने लिए थोड़ा कम सामान खरीदते हैं ताकि गरीब लोगों के लिए गर्म मोजे, चॉकलेट वगैरह भी खरीद सकें। क्रिसमस वाले दिन चर्च के बाहर और आस-पास झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब लोगों में हम वो चीजें बांट देते हैं।' माइकल ने बताया।

'हां बेटा, क्रिसमस पर गरीब लोगों को दान इसलिए दिया जाता है ताकि वे भी हंसी-खुशी यह त्योहार मना सकें।' माइकल की मम्मी ने पीटर को समझाते हुए कहा।

माइकल और उसकी मम्मी की बातें सुनकर पीटर सोच में पड़ गया। उसने तो मम्मी से जिद करके माइकल की मम्मी को ज्यादा पैसे दिलवाए थे ताकि वे उसे खूब सारी खरीदारी करवा सकें। लेकिन उसे माइकल और उसकी मम्मी की बातें सही लग रही थीं।

कुछ देर बाद वे लोग बाजार पहुंचे और उन्होंने क्रिसमस की खरीदारी शुरू की। पीटर ने बड़े के बजाय एक छोटा क्रिसमस ट्री लिया। ट्री की सजावट के लिए सामान लिया लेकिन थोड़ा कम। केक भी कुछ छोटा लिया ओर चॉकलेट भी थोड़ी कम खरीदी। इससे बचे पैसों से उसने कुछ गर्म मोजे, टॉफियां, छोटे केक और बिस्कुट के पैकेट खरीदे। ये सब खरीदते हुए वह सोच रहा था कि इन्हें वह अगले दिन गरीब बच्चों में बांट देगा। सारी खरीदारी करके पीटर जब घर पहुंचा तो वह बहुत खुश था। उसे लग रहा था कि इस बार के क्रिसमस की खुशियां दोगुनी हो गई हैं। *

कविता
सूर्यकुमार पांडेय




## सांता क्लॉज

कलंगी वाली टोपी सिर पर,
कौन अरे, यह सांता क्लॉज!
जिंगल बेल लेकर हाथों में,
मेरे घर पर आए आज।
भरा गिफ्ट से थैला भारी,
मद्धिम-मद्धिम इनकी चाल।
चले बांटने खुशियां सबको,
वेट कराते पूरे साल।
नरम रूई-सी उजली दाढ़ी,
नाक गुलाबी, फूले गाल।
गोल-गोल आंखें सांता की
गोल नाक भी बड़ी कमाल।
सो जाते जब हम सब बच्चे,
मोजे में तोहफे दें डाल।
छू-मंतर हो जाते, कहकर,
'फिर आऊंगा अगले साल!'

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां सांता क्लॉज के एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। वैसे तो ये दोनों चित्र दिखने में एक जैसे हैं, लेकिन इनमें आठ अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट आठ अंतर खोजो।



**उत्तर:** 1.सांता क्लॉज की बाईं आंख बंद है। 2.सांता की जीभ का कलर स्काई-ब्लू दिख रहा है। 3.सांता के कैप के पॉम-पॉम (कलगी) में जिगजैग लाइन बनी हुई है। 4.सांता की बेल्ट में दो लूप्स लगे हुए हैं। 5.आगे बाईं तरफ रखे गिफ्ट पैक में रिबन के पास का कलर पिंक है। 6.सांता के दाहिने पैर के जूते का सोल व्हाइट है। 7.सांता के बाएं पैर के मोजे में ज्यादा फर निकला हुआ है। 8.पीछे दाईं तरफ एक के बजाय दो गिफ्ट पैक रखे हुए हैं।

## एक अलग चित्र को ढूंढो

बच्चो, यहां दिए गए चित्रों में एक को छोड़कर बाकी सभी सांता क्लॉज, पेयर यानी जोड़े में हैं। एक चित्र ऐसा है, जिसका सेम पेयर नहीं है। तुम्हें उस अकेले सांता के चित्र को खोजकर उसके चारों ओर पेन या पेंसिल से सर्कल बनाना है।



## खबर संक्षेप

### लैपटॉप आयात मंजूरी के लिए 22 से आवेदन शुरू



**नई दिल्ली।** सरकार ने लैपटॉप, टैबलेट एवं पर्सनल कंप्यूटर जैसे आईटी हार्डवेयर के आयात को नियंत्रित करने के लिए नयी आयात प्रबंधन व्यवस्था लागू कर दी है। डीजीएफटी ने एक परिपत्र में कहा कि आयातक 22 दिसंबर 2025 से 15 दिसंबर 2026 तक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आईटी हार्डवेयर के आयात के लिए अनुमति ले सकेंगे।

### आईसीआईसीआई बैंक को मिली जीएसटी मांग को लेकर नोटिस




नई दिल्ली। आईसीआईसीआई बैंक को आयकर विभाग ने कथित रूप से कम जीएसटी भुगतान को लेकर 238 करोड़ रुपये का नोटिस भेजा है। बैंक ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उसे महाराष्ट्र जीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 73 के तहत संबंधित प्राधिकरण से एक आदेश प्राप्त हुआ है, जिसमें कुल 237,90,04,448 रुपये की जीएसटी मांग की गई है।

### जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर जनवरी से बढ़ाएगी कीमत

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने कच्चे माल की लागत के असर की भरपाई के लिए जनवरी से अपने वाहनों की कीमतों में दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने की बृहस्पतिवार को जानकारी दी। मोटर वाहन विनिर्माता कंपनी ने बयान में कहा कि कीमतों में यह बढ़ोतरी एक जनवरी 2026 से प्रभावी होगी। बढ़ोतरी अलग-अलग होगी।

# ईंधन दक्षता मानकों से छूट देने का टाटा मोटर्स ने किया विरोध

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अग्रणी वाहन निर्माता टाटा मोटर्स ने छोटी पेट्रोल कारों को कड़े कॉरपोरेट औसत ईंधन दक्षता (कैफे) मानकों से छूट देने का विरोध करते हुए कहा है कि इससे देश में टिकाऊ एवं स्वच्छ प्रौद्योगिकी पर आधारित मॉडल, खासकर इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का विस्तार प्रभावित होगा।

टाटा समूह की कंपनी ने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को भेजे पत्र में कहा है कि भविष्य की प्रौद्योगिकियों में नवाचार और सीधे उन्नत प्रौद्योगिकी को अपनाने की क्षमता अब भारत में दिखने लगी है और यात्री कारों में ईवी की हिस्सेदारी करीब पांच प्रतिशत तक पहुंच गई है।

**छोटी पेट्रोल कारों को कैफे मानकों से छूट देने का विरोध, इन मानकों से इलेक्ट्रिक वाहनों का विस्तार प्रभावित होगा**

### आकार या वजन के आधार पर श्रेणी न बनाए

कंपनी ने सरकार से अपील की है कि कैफे मानकों के तहत रियायत देने के उद्देश्य से आकार या वजन के आधार पर कारों की कोई विशेष श्रेणी न बनाई जाए। सरकार ने अप्रैल 2027 से मार्च 2032 के बीच यात्री वाहनों की ईंधन खपत और कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए कैफे मानदंडों के मसौदा नियम जारी किए हैं।




*ईवी जैसे विकल्प अपनाने की जरूरत : प्रस्तावित ढांचा कंपनियों के लिए सख्त समग्र लक्ष्य तय करता है, जबकि छोटी पेट्रोल कारों को कुछ राहत देने का प्रावधान भी करता है। टाटा मोटर्स ने कहा कि वाहन की किसी विशेष उप-श्रेणी को मानकों से छूट देने से ईवी जैसे विकल्प अपनाने की जरूरत कम हो जाती है।*

### वाहन सुरक्षा क्षेत्र में हुई प्रगति पर पड़ेगा असर

टाटा मोटर्स ने इस बात को लेकर आगाह किया कि वाहन के वजन के आधार पर छूट देने से वाहन कंपनियां आवश्यक सुरक्षा सुविधाओं की कीमत पर वजन कम करने के लिए प्रोत्साहित हो सकती हैं। इससे पिछले कुछ वर्षों में वाहन सुरक्षा के क्षेत्र में हुई प्रगति पर असर पड़ सकता है।

### टिकाऊ प्रौद्योगिकी अपनाने पर जोर

कंपनी ने इस पत्र में कहा, "हम यह कहना चाहते हैं कि 909 किलोग्राम तक वजन वाली, 1200 सीसी से कम इंजन क्षमता और 4,000 मिलीमीटर से कम लंबाई वाली पेट्रोल कारों को इन मानकों से छूट देने का प्रावधान, टिकाऊ प्रौद्योगिकी अपनाने पर फोकस को कमजोर कर सकता है।"

### कैफे मानक ईंधन दक्षता नियंत्रित करने के लिए

कैफे मानक एक वाहन कंपनी के सभी मॉडल की औसत ईंधन दक्षता और कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए तय किए जाते हैं। इनका उद्देश्य वाहन कंपनियों को इलेक्ट्रिक और अन्य स्वच्छ प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

### बीसीजीएक्स और फिक्की की जारी रिपोर्ट में कहा गया

# एमएसएमई में एआई से 500 अरब डॉलर से अधिक का आर्थिक मूल्य सृजित होने का अनुमान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के 6.4 करोड़ सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) में केवल कृत्रिम मेधा (एआई) को अपनाने से ही 500 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का आर्थिक मूल्य सृजित हो सकता है। हालांकि, इस क्षमता को साकार करने के लिए देश को ''पहले अपनाओ'' की मानसिकता से हटकर ''पहले आविष्कार करो'' की सोच अपनानी होगी। एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

'इंडिया ट्रिपल एआई इम्पेरेटिवः सक्सीडिंग विद एआई इन इंडिया' शीर्षक वाली यह रिपोर्ट बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजीएक्स) और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा जारी की गई। रिपोर्ट में कहा गया कि भले ही भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते एआई बाजारों में से एक है लेकिन गहन नवाचार एवं वास्तविक मूल्य प्राप्ति के मामले में अब भी बड़ी खामियां मौजूद हैं।

**भारत के 6.4 करोड़ एमएसएमई एआई अपनाने से सृजित होगी 500 अरब डॉलर** → **क्षमता को साकार करने पहले अपनाओ की मानसिकता से हटना होगा** → **एमएसएमई को पहले आविष्कार करो की मानसिकता अपना होगा**

### 25 फीसदी अधिकारी ही एआई से वास्तविक मूल्य पा रहे

*इसमें कहा गया कि कंपनियों की ओर से एक आम गलती यह है कि वे एआई को केवल सूक्ष्म समस्याओं के समाधान तक सीमित रखते हैं, बजाय इसके कि वे कार्यात्मक रूपांतरण की ओर बढ़ें। फिलहाल केवल 25 प्रतिशत अधिकारी ही एआई से ''वास्तविक मूल्य'' प्राप्त कर पा रहे हैं।*

### एआई में अवसर बड़े पैमाने में नहीं

*अध्ययन में केवल छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए प्रौद्योगिकी को लागू करने के बजाय ''एआई-प्रथम'' व्यवसायों के निर्माण की दिशा में बदलाव का आग्रह किया गया है। फिक्की की महानिदेशक ज्योति विज ने कहा, भारत के लिए एआई में अवसर केवल बड़े पैमाने में नहीं बल्कि समावेश में निहित है।*




### एआई के लिए तैयारियों में भारत चौथे स्थान पर

यह भी सामने आया कि डिजिटल अवसंरचना की कमी, जागरूकता का अभाव और कुशल प्रतिभाओं तक सीमित पहुंच जैसी बाधाएं इस क्षेत्र में अब भी बनी हुई हैं। इसमें कहा गया कि एआई के लिए तैयारियों के मामले में भारत वैश्विक स्तर पर शीर्ष चार में आता है, लेकिन वैश्विक एआई पेटेंट में उसका योगदान फिलहाल एक प्रतिशत से भी कम है।

*परिचालन मॉडल में बदलाव का अनुमान : बीसीजी के प्रबंध निदेशक एवं वरिष्ठ भागीदार निपुण कालरा ने कहा, '' वास्तविक मूल्य एआई-प्रथम व्यवसायों के निर्माण, गहन नवाचार को बढ़ावा देने और समावेशी पहुंच सुनिश्चित करने से ही आएगा।*

### गुणवत्तापूर्ण रोजगार सृजित हो सकता है

*एमएसएमई, स्टार्टअप और क्षेत्रीय परिवेश में एआई अपनाने को समर्थन देकर देश उत्पादकता बढ़ा सकता है, गुणवत्तापूर्ण रोजगार सृजित कर सकता है और दीर्घकालिक सामाजिक-आर्थिक मजबूती को बढ़ावा दे सकता है। रिपोर्ट में रुचि और निवेश के बीच अंतर का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि करीब 44 प्रतिशत अधिकारी अब भी अपने प्रौद्योगिकी बजट का 10 प्रतिशत से कम एआई में निवेश करते हैं।*

### भारत के 6.4 करोड़ एमएसएमई में अप्रयुक्त अवसर

*बीसीजीएक्स, बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) की प्रौद्योगिकी निर्माण, डिजाइन एवं नवाचार इकाई है। रिपोर्ट में कहा गया, भारत के 6.4 करोड़ एमएसएमई में कई अप्रयुक्त अवसर मौजूद हैं। इस क्षेत्र में एआई अपनाने से उत्पादकता में वृद्धि, लागत में कमी और ऋण तक बेहतर पहुंच के माध्यम से 500 अरब डॉलर से अधिक का आर्थिक मूल्य सृजित हो सकता है।''*

# चांदी 1,800 रुपए चढ़कर नए रिकॉर्ड स्तर पर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- चांदी उछलकर 2 .07 लाख रुपए प्रति किलो
- सोना 1,36,500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर स्थिर

चांदी बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में 1,800 रुपये उछलकर 2,07,600 रुपये प्रति किलोग्राम के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। इसका कारण कारोबारियों की निरंतर खरीदारी है।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। चांदी बुधवार को 7,300 रुपये उछलकर पहली बार दो लाख रुपये प्रति किलोग्राम को पार कर 2,05,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस वृद्धि के साथ, चांदी की कीमत इस साल एक जनवरी को दर्ज की गई 90,500 रुपये प्रति किलोग्राम से 1,17,100 रुपये किलो यानी 129.4 प्रतिशत बढ़ चुकी है। सराफा संघ के अनुसार, स्थानीय सराफा बाजार में, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,36,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहा। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 13.16 डॉलर यानी 0.31 प्रतिशत घटकर 4,325.02 डॉलर प्रति औंस रह गया। रिलायंस सिक्योरिटीज के वरिष्ठ अनुसंधान विश्लेषक जिगर त्रिवेदी ने कहा, ''सोना बृहस्पतिवार को लगभग 4,330 डॉलर प्रति औंस तक गिर गया, लेकिन अक्टूबर में पहुंचे रिकॉर्ड उच्च स्तर के करीब बना रहा।

*बेरोजगारी दर चार साल के उच्च स्तर पर : इसमें बेरोजगारी दर चार साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई और नवंबर में नौकरियों में वृद्धि अक्टूबर में देखी गई नरमी की भरपाई करने में विफल रही। विदेशी बाजारों में हाजिर चांदी 0.25 प्रतिशत घटकर 66.04 डॉलर प्रति औंस रह गई।*

### चांदी सालाना आधार पर 130 प्रतिशत चढ़ी

मौजूदा वर्ष में, चांदी की कीमतें दो जनवरी, 2025 को दर्ज किए गए 29.56 डॉलर प्रति औंस से 37.32 डॉलर यानी 126.3 प्रतिशत बढ़ी हैं। रिलायंस सिक्योरिटीज के जिगर त्रिवेदी ने कहा, ''इस साल चांदी सालाना आधार पर लगभग 130 प्रतिशत चढ़ी है। उसे कम होते भंडार और मजबूत खुदरा और औद्योगिक मांग, खासकर तेजी से बढ़ते सौर, इलेक्ट्रिक वाहन और डेटा सेंटर सेक्टर से भी समर्थन मिला है।''

# ग्रामीण बैंकों के लिए एक नया प्रतीक चिन्ह जारी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- वित मंत्रालय ने एक राज्य एक ग्रामीण बैंक आधार पर जारी किया

वित्त मंत्रालय ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के लिए एक नया प्रतीक चिन्ह बृहस्पतिवार को जारी किया।

वित्तमंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग ने 'एक राज्य एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक' के सिद्धांत पर, 11 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में स्थित 26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) का एकीकरण किया है, जो एक मई 2025 से प्रभावी हो गया। यह सुधार अधिक सशक्त एवं कुशल आरआरबी के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वर्तमान में 28 आरआरबी 700 से अधिक जिलों में 22,000 से अधिक शाखाओं के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं। इसमें कहा गया कि यह ग्रामीण समुदायों की सेवा करने वाली इन संस्थाओं की पहचान और दृश्यता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आरआरबी प्रतीक चिन्ह के रंगों का चयन आरआरबी के उद्देश्यों को दर्शाने के लिए किया गया है। गहरा नीला रंग वित्त और विश्वास का प्रतीक है जबकि हरा रंग जीवन एवं विकास का प्रतीक है जो ग्रामीण भारत की सेवा करने के उनके मिशन को प्रतिबिंबित करता है।

### ग्रामीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता

*सरकार की इस साझा ब्रांडिंग पहल से राष्ट्रीय स्तर पर आरआरबी (ग्रामीण विकास बैंक) को एक विशिष्ट, आधुनिक एवं आसानी से पहचाने जाने योग्य ब्रांड पहचान मिलने की उम्मीद है। यह वित्तीय समावेश और ग्रामीण विकास के प्रति उनकी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है।*

### टीटागढ़ रेल सिस्टम को मिला 273 करोड़ रुपए का ऑर्डर...




**कोलकाता।** टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (टीआरएसएल) ने कहा कि उसे इंडियन रेलवे से रेल बोर्न मेंटेनेंस व्हीकल्स (आरबीएमवी) की आपूर्ति और रखरखाव के लिए 273.24 करोड़ रुपये का अनुबंध मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि यह ऑर्डर कंपनी की सुरक्षा और सिग्नलिंग प्रणाली खंड में पहली सफलता है। स्वीकृति पत्र (एलओए) की शर्तों के तहत, कोलकाता स्थित कंपनी आरबीएमवी के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदार होगी। अनुबंध के तहत टीआरएसएल को इंडियन रेलवे के कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के साथ-साथ सर्विसिंग और ब्रेकडाउन रखरखाव समर्थन भी देना होगा।

# निसान भारत में पेश करेगी तीन नए मॉडल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- बिक्री नेटवर्क के विस्तार की योजना

जापानी वाहन विनिर्माता निसान ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अगले 14 से 16 महीनों के भीतर भारत में तीन नए मॉडल पेश कर तेजी से बढ़ते वाहन बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की योजना बना रही है। निसान ने अपने बहुद्देशीय वाहन 'ग्रेवाइट' को अगले साल की शुरुआत में पेश करने की घोषणा करते हुए कहा कि वह मझोले आकार के एसयूवी 'टेक्टॉन' को 2026 के मध्य में और एक सात-सीटर एसयूवी को 2027 की शुरुआत में पेश करने जा रही है। ये मॉडल खास तौर पर भारत के लिए तैयार रणनीति के तहत विकसित किए गए हैं। इसी क्रम में सात सीट वाले वाहन ग्रेवाइट को पेश किया जाएगा। इसके अलावा कंपनी भारत में अपना विस्तार करने की रणनीति के तहत वित्त वर्ष 2026-27 के अंत तक अपने बिक्री नेटवर्क को मौजूदा 155 से बढ़ाकर 250 करने की भी योजना बना रही है। निसान के चेयरमैन (अफ्रीका, पश्चिम एशिया, भारत और ओशनिया) के मैसिमिलियानो मेसिना ने कहा, आगामी मॉडल श्रृंखला वैश्विक अनुभवों पर आधारित है।

### भारत में केवल मैग्नाइट की ही बिक्री

इस मौके पर निसान मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक सौरभ वत्स ने कहा, नया मॉडल ग्रेवाइट भारतीय बाजार में कंपनी की नई प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसे भारतीय ग्राहकों की विविध जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। फिलहाल निसान भारत में केवल एक मॉडल 'मैग्नाइट' की ही बिक्री कर रही है।

### मैग्नाइट का निर्यात 65 बाजारों में

कंपनी ने बताया कि मैग्नाइट मॉडल का निर्यात दक्षिण एशिया, पश्चिम एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के 65 बाजारों में किया जाता है, जो भारत को निसान के लिए एक महत्वपूर्ण उत्पादन और निर्यात केंद्र बनाता है।

# चौथे दिन बाजार में गिरावट सेंसेक्स 78 अंक फिसला

एजेंसी ▸▸ मुंबई



- अमेरिकी व्यापार समझौते में अनिश्चितता को लेकर नरम रुख

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार चौथे दिन गिरावट आई। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता और वैश्विक बाजारों में नरम रुख से सेंसेक्स 78 अंक के मामूली नुकसान में रहा जबकि निफ्टी स्थिर बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 77.84 अंक टूटकर 84,481.81 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 84,780.19 अंक के ऊपरी और 84,238.43 अंक के निचले स्तर तक भी गया।

निफ्टी तीन अंक यानी 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 25,815.55 अंक पर स्थिर रहा। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में सन फार्मा, टाटा स्टील, पावर ग्रिड, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी और भारती एयरटेल प्रमुख रूप से नुकसान में रहें। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, अदाणी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक और एचसीएल टेक शामिल हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, /"वैश्विक संकेतों और रुपये से जुड़ी चिंताओं का निवेशक धारणा पर असर बना रहा। इसकी वजह से कारोबारियों ने सतर्कता बरती। विदेशी संस्थागत निवेशक कई दिनों बाद बने खरीदार शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) कई दिनों के बाद खरीदार बने और उन्होंने बुधवार को 1,171.71 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने भी पिछले कारोबार में 768.94 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

### आरबीआई के हस्तक्षेप से रुपए में आई तेजी

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''शेयर बाजार में शुरुआती बढ़त का कारण निचले मूल्य पर खरीदारी और केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप से रुपये में आई मजबूती थी। हालांकि, अमेरिका-भारत व्यापार समझौते पर बनी अनिश्चितता ने बाजार धारणा को कमजोर किया और मुनाफावसूली देखने को मिली।

### कैटरटन ने हल्दीराम के साथ साझेदारी की, कंपनी में हासिल की हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** प्रमुख वैश्विक उपभोक्ता-केंद्रित निवेश कंपनी एल कैटरटन ने हल्दीराम के साथ रणनीतिक साझेदारी की है और देश के प्रमुख 'स्नैक्स' एवं खाद्य ब्रांड में हिस्सेदारी हासिल की है। एल कैटरटन ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। हालांकि निवेश या मूल्यांकन का कोई विवरण साझा नहीं किया। कंपनी ने कहा, 'उसने हल्दीराम के साथ रणनीतिक साझेदारी की है और इसमें निवेश किया है। इस सहयोग का उद्देश्य हल्दीराम की देश के भीतर बाजार में अग्रणी स्थिति को मजबूत करना और मजबूत आधारभूत संरचना, ब्रांड प्रतिष्ठा एवं वृद्धि क्षमता के आधार पर इसके अंतरराष्ट्रीय विस्तार को तेज करना है।' इस साल की शुरुआत में, भारत की सबसे बड़ी 'पैकेज्ड' नाश्ते एवं मिठाई बनाने वाली कंपनी ने तीन रणनीतिक निवेशकों सिंगापुर स्थित वैश्विक निवेश कंपनी टेमासेक, अल्फा वेव ग्लोबल और इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी (आईएचसी) को हिस्सेदारी बेची थी। उस समय भी सौदे का विवरण सार्वजनिक नहीं किया गया था।


**केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड**
**(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)**
**CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION**
**(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)**

नंबर: CBSE/PE/Corrigendum/DRQ2026/2025 — दिनांक: 18.12.2025

**शुद्धिपत्र**

सेंट्रल बोर्ड ऑफ़ सेकेंडरी एजुकेशन के विज्ञापन संख्या नं.: **CBSE/Rectt. Cell/14(88)/2025 जो 02 दिसंबर 2025** को प्रकाशित हुआ था, DRQ2026 (डायरेक्ट रिक्रूटमेंट कोटा परीक्षा 2026) के संबंध में, यह सूचित किया जाता है कि उक्त विज्ञापन के **पेज नंबर 15** पर और ऑनलाइन आवेदन पत्र में **सेक्शन 3 "आवेदन करें और परीक्षा केंद्र का विवरण"** के तहत कई पदों के लिए आवेदन जमा करने के संबंध में उल्लिखित प्रावधान निम्नानुसार होगा।

| मौजूदा | इस प्रकार पढ़ा जाएगा |
| --- | --- |
| "कृपया ध्यान दें: उम्मीदवारों को जिस भी पद के लिए आवेदन करना है, उसके लिए अलग-अलग आवेदन जमा करने होंगे। तभी टियर-I टेस्ट में प्राप्त स्कोर को सभी संबंधित पदों के लिए माना जाएगा।" | कृपया ध्यान दें: निर्धारित पात्रता शर्तें पूरा होने पर, उम्मीदवार **एक ही ऑनलाइन आवेदन पत्र** के ज़रिए एक से ज़्यादा पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं, इसके लिए उन्हें **सेक्शन 3 "अप्लाई फॉर और एग्जाम सेंटर डिटेल्स"** में "अप्लाई फॉर" के तहत संबंधित पद (पदों) को चुनना/टिक करना होगा। एप्लीकेशन फीस हर पद के लिए देनी होगी और उसी हिसाब से कैलकुलेट की जाएगी। तभी सिंगल टियर-I टेस्ट में मिले स्कोर को अप्लाई किए गए सभी संबंधित पदों के लिए, पद-वाइज़/बंच-वाइज़, जहाँ भी लागू हो, माना जाएगा। |

* जो उम्मीदवार कई पदों के लिए आवेदन करना चाहते थे, लेकिन पहले के नियम की वजह से ऐसा नहीं कर पाए, उन्हें करेक्शन विंडो के दौरान कई पदों के लिए आवेदन करने का मौका दिया जाएगा।
* करेक्शन विंडो का शेड्यूल सही समय पर बता दिया जाएगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि अपडेट के लिए CBSE की ऑफिशियल वेबसाइट यानी www.cbse.gov.in पर रेगुलर विजिट करते रहें।

बाकी सभी नियम और शर्तें, जैसा कि विज्ञापन नंबर: CBSE/Rectt.Cell/14(88)/2025 दिनांक 02 दिसंबर 2025 में बताया गया है, वैसे ही रहेंगी।

निदेशक
व्यावसायिक परीक्षा इकाई, सीबीएसई
cbc 21107/12/0012/2526



**अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्**
**(भारत सरकार का सांविधिक निकाय)**
**नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली- 110070**
**फोन नंबरः 011-2958-1000/1050, 011-29581515**
**वेबसाइटः www.aicte.gov.in**

**सार्वजनिक सूचना**

**शैक्षणिक वर्ष 2026-27 हेतु निम्न के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं**

1. इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, प्रबंधन, कंप्यूटर अनुप्रयोग, अनुप्रयुक्त कला और शिल्प, होटल प्रबंधन और खानपान प्रौद्योगिकी (एचएमसीटी), अभिकल्प (डिजाईन) और योजना के सभी स्तरों पर नए तकनीकी संस्थानों को स्थापित करने हेतु।
2. विद्यमान तकनीकी संस्थानों, मानित विश्वविद्यालय संस्थानों, तथा विश्वविद्यालयों (केन्द्रीय/ राज्य/ निजी) के लिए अनुमोदन का विस्तार।
3. एकल (स्टैण्डएलोन) संस्थानों या मानित विश्वविद्यालय संस्थानों के लिए प्रबंधन और कंप्यूटर अनुप्रयोगों में मुक्त और दूरस्थ शिक्षा (ओडीएल) अथवा ऑनलाइन रीति कार्यक्रम।

शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के लिए आवेदन अभातशिप वेब पोर्टल पर ऑनलाइन जमा किए जाने दिनांक 28 नवंबर, 2025 से आरम्भ (लाइव) हो चुके हैं। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे अभातशिप की अनुमोदन प्रक्रिया पुस्तिका (एपीएच) 2024-25 से 2026-27 को तथा समय- समय पर जारी किए गए इसके संशोधनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें, जो अभातशिप के पोर्टल www.aicte.gov.in पर उपलब्ध हैं।

आवेदन जमा करने हेतु विस्तृत विवरण और समय-सीमा www.aicte.gov.in पर उपलब्ध है।
नोटः तकनीकी कार्यक्रम संचालित करने वाले अथवा संचालित करने के इच्छुक सभी उच्च शिक्षा संस्थानों को सलाह दी जाती है कि वे शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के लिए अनुमोदन प्रक्रिया से संबंधित अद्यतन जानकारी, सामान्य सूचनाओं और आधिकारिक संचार के लिए नियमित रूप से अभातशिप की वेबसाइट www.aicte.gov.in पर **"Home › Quick link: Approval Process 2026-27"** देखें।

विज्ञापन संख्याः विनियमन ब्यूरो/ अभातशिप /12 (02)/2025 — (प्रो. श्यामा रथ) सदस्य सचिव
CBC 21300/12/0015/2526

# पिच पर सांप, तो कभी धुंध और एक बार मधुमक्खियों ने रुकवाया क्रिकेट मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चौथा टी20 मैच लखनऊ में आयोजित होना था, लेकिन घने कोहरे के कारण यह मैच शुरू ही नहीं हो पाया। इतना ही नहीं, इस मैच में टॉस तक नहीं हुआ। बुधवार को निर्धारित टॉस समय शाम 6:30 बजे था, लेकिन धुंध को देखते हुए अंपायरों ने इसे स्थगित करने का निर्णय लिया। तीन घंटे तक मैच रोके जाने के बाद अंततः इसे रद्द कर दिया गया।



## क्रिकेट इतिहास में ऐसे कई अजीबो-गरीब कारण हैं जिनकी वजह से मैच रोकना पड़ा

### मैच रद्द कराना होता है चुनौतीपूर्ण

क्रिकेट में ऐसे अजीबो-गरीब कारणों से मैच रोकना या रद्द करना न केवल खिलाड़ियों और आयोजकों के लिए चुनौतीपूर्ण होता है, बल्कि यह दर्शकों के लिए भी अनपेक्षित परिस्थितियाँ पैदा करता है। लखनऊ का चौथा टी20 मैच भी ऐसे ही दुर्भाग्यपूर्ण कारणों से रद्द हुआ और क्रिकेट प्रेमियों के लिए निराशा का विषय बन गया।

### मधुमक्खियों की वजह से रुका मैच

2017 में जोहानिसबर्ग में दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच वनडे मैच के दौरान ग्राउंड पर मधुमक्खियों का झुंड आ गया। सुरक्षा कारणों से मैच को एक घंटे से अधिक समय तक रोकना पड़ा।



### ग्राउंड पर सांप और कुत्ता

श्रीलंका में कई बार क्रिकेट मैच के दौरान ग्राउंड पर सांप देखने के कारण मैच रोके गए। इसके अलावा ग्राउंड पर कुत्ते, मोर, कबूतर और अन्य पक्षियों व जानवरों के प्रवेश के कारण भी कई मैचों को कुछ देर के लिए रोका गया।



### सूरज की तेज रोशनी

यह घटना 2019 की है, जब भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे मैच में सूरज की अधिक रौशनी सीधे बल्लेबाजों की आंखों पर पड़ रही थी। नेपियर के मैक्लीन पार्क में खेले गए इस मैच में बल्लेबाजों की सुरक्षा को देखते हुए मैच लगभग आधे घंटे के लिए रोका गया।

### स्टेडियम में फायर ब्रिगेड की उपस्थिति

जनवरी 2017 में न्यू साउथ वेल्स और क्वींसलैंड के बीच खेले गए मैच में नेथन लायन द्वारा टोस्ट जलाने के कारण स्टेडियम में फायर अलार्म बज गया। इसके बाद फायर ब्रिगेड को स्टेडियम पहुंचना पड़ा। 2007 में भी एक काउंटी चैम्पियनशिप मैच में रसोई में ग्रेवी जलने के कारण उठे धुएं ने फायर अलार्म बजा दिया था और स्टेडियम खाली कराया गया था।

### पिच पर कार का प्रवेश

दिल्ली और उत्तर प्रदेश के बीच रणजी ट्रॉफी मैच के दौरान एक व्यक्ति पिच पर कार लेकर आ गया। खिलाड़ियों और अंपायरों के रोकने के बावजूद वह पिच पर कार चलाने की कोशिश कर रहा था। इस मैच में टीम इंडिया के वर्तमान हेड कोच गौतम गंभीर भी मौजूद थे। यह मैच पालम के मैदान में खेला गया था।

### पिच पर गेंद धंसने से मैच रद्द

महिला बिग बैश लीग में होबार्ट हरिकेन्स और एडिलेड स्ट्राइकर्स के बीच मैच के इनिंग ब्रेक के दौरान रोलर के नीचे गेंद आने के कारण पिच पर गड्ढा हो गया। इस वजह से मैच को पूरी तरह रद्द करना पड़ा।

## खबर संक्षेप



### एमआई एमिरेट्स ने दुबई कैपिटल्स को हराया

**दुबई।** इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो की 67 रन की शानदार पारी और राशिद खान की उम्दा गेंदबाजी की मदद से एमआई एमिरेट्स ने आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के कम स्कोर वाले मैच में दुबई कैपिटल्स पर सात रन की रोमांचक जीत हासिल की। बेयरस्टो (40 गेंदों में 67 रन) के अर्धशतक के बावजूद एमआई एमिरेट्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 137 रन ही बना पाई। कैपिटल्स की तरफ से मुस्तफिजुर रहमान ने 34 रन देकर तीन जबकि जवादुल्लाह ने सात रन देकर दो विकेट लिए। दुबई कैपिटल्स की टीम छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए लड़खड़ा गई और निर्धारित 20 ओवर में 130 रन बनाकर आउट हो गई। उसकी तरफ से जॉर्डन कॉक्स ने 46 और शयान जहांगीर ने 34 रन बनाए। राशिद खान ने शानदार गेंदबाजी करते हुए एमआई एमिरेट्स की जीत में अहम भूमिका निभाई।

### भारत ए ने शारीरिक दिव्यांगता श्रृंखला में इंडिया सीनियर्स को हराया



**मुंबई।** जीएस शिव शंकर के 43 गेंद में 67 रन बेकार गए चूंकि भारत ए ने शारीरिक दिव्यांगता टी20 श्रृंखला के तीसरे और आखिरी मैच में भारत सीनियर्स को 28 रन से हरा दिया। श्रृंखला के दोनों मैच हार चुकी भारत ए ने तीसरे मैच में आठ विकेट पर 164 रन बनाये जिसके जवाब में भारत सीनियर्स टीम 19.3 ओवर में 136 रन पर आउट हो गई। नोंसोला आदिल ने 40 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि जी प्रशांत और मोहम्मद सादिक ने दो दो विकेट चटकाये। श्रृंखला में प्लेयर आफ द मैच को 11000 रूपये और प्लेयर आफ द सीरिज रहे भारत सीनियर्स के वसीम इकबाल को 21000 रूपये मिले।

### सम्राट आईएसएसएफ के शीर्ष पांच में शामिल



**नई दिल्ली।** पिछले महीने काहिरा में विश्व चैंपियनशिप में भारतीय पिस्टल निशानेबाज सम्राट राणा के प्रदर्शन को अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ ने वर्ष के शीर्ष पांच सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों में शामिल किया है। हरियाणा के करनाल के रहने वाले 20 वर्षीय निशानेबाज राणा ने विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था। वह इस स्पर्धा में सीनियर वर्ग का व्यक्तिगत विश्व खिताब जीतने वाले पहले भारतीय हैं। इस प्रतिभाशाली निशानेबाज ने इसी प्रतियोगिता में अपनी पसंदीदा स्पर्धा में ईशा सिंह के साथ मिश्रित टीम का रजत पदक भी जीता था।

## अहमदाबाद की पिच पर 7 बजे से शुरू होगा असली संग्राम !

# भारत सीरीज जीतने और साउथ अफ्रीका ड्रा कराने के इरादे से आज दिखाएंगे दमखम

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अहमदाबाद। साउथ अफ्रीका क्रिकेट टीम का भारत दौरा अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है। अब टी20 इंटरनेशनल सीरीज चल रही है। इस सीरीज का आखिरी यानी आज होने वाला पांचवां मुकाबला बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि इसी मैच से यह तय होगा कि ट्रॉफी किसके नाम जाएगी। भारत आज शुक्रवार को यहां होने वाले पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत दर्ज कर सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा वहीं दक्षिण अफ्रीका कैसे भी करके यह सीरीज 2-2 से ड्रा कराने के लिए पूरा जोर लगाएगी। मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे शुरू होगा। सीरीज का आखिरी मैच होने और दोनों टीमों के प्रदर्शन को देखते हुए यह मुकाबला काफी रोमांचक होने की उम्मीद है। क्रिकेट प्रशंसक इस निर्णायक मैच का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो भारत दौरे का शानदार समापन साबित हो सकता है। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज के चार मुकाबले अब तक पूरे हो चुके हैं। हालांकि चौथा मैच खराब मौसम की भेंट चढ़ गया। वर्तमान में भारत 2-1 से आगे है। अब टीम इंडिया के पास आखिरी मैच जीतकर एक और टी20 सीरीज अपने नाम करने का सुनहरा अवसर है।



### शुभमन की जगह ले सकते हैं सैमसन

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 सीरीज के आखिरी मैच से भारतीय उपकप्तान शुभमन गिल अपने पैर के अंगूठे की चोट के कारण बाहर हो गए हैं। संजू सैमसन, जो भारत के पसंदीदा ओपनर थे, आखिरी मैच में गिल की जगह ले सकते हैं। बता दें कि सैमसन पहले तीन टी-20 मैचों में बेंच पर बैठे थे। गिल इस समय बेहद खराब फॉर्म में चल रहे हैं।

### साउथ अफ्रीका की नजर बराबरी पर

हालांकि साउथ अफ्रीकी टीम फिलहाल सीरीज में पीछे चल रही है और वह अब सीरीज नहीं जीत सकती, लेकिन उसके पास आखिरी मुकाबला जीतकर सीरीज को बराबरी पर समाप्त करने का मौका जरूर है। ऐसे में यह मैच दोनों टीमों के लिए प्रतिष्ठा और आत्मविश्वास के लिहाज से काफी अहम हो गया है। साउथ अफ्रीका की कोशिश होगी कि वह मजबूत प्रदर्शन कर सीरीज ड्रॉ कराए।

### दोनों टीमों के बीच रहा है कांटे का टक्कर

दोनों टीमें टी-20 क्रिकेट में 34 बार एक-दूसरे से भिड़ चुकी हैं और इस बीच भारत ने 20 मैच जीते हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका ने 13 मैच अपने नाम किए हैं। इस दौरान 1 मैच बेनतीजा भी रहा है। भारतीय जमीन पर दोनों टीमें 15 बार आमने-सामने हैं। भारतीय टीम ने 7 मैच जीते हैं, जबकि प्रोटियाज टीम ने भी 7 मैच जीते (बेनतीजा- 1) हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनके घर पर भारत ने 9-4 से बढ़त बनाई है।

### इन पर रहेगी नजर

अभिषेक ने पिछले 10 मुकाबलों में 33.11 की औसत और 169.31 की स्ट्राइक रेट से 298 रन बनाए हैं। तिलक के बल्ले से पिछले 9 टी-20 मुकाबलों में 53.2 की औसत से 266 रन निकले हैं। ब्रेविस ने से पिछले 9 मैच में 153.09 की स्ट्राइक रेट से 173 रन बनाए हैं। मार्करम ने पिछले 6 मैच में 174 रन बनाए हैं। वरुण ने पिछले 8 मैच में 14 और अर्शदीप ने 6 मैच में 9 विकेट लिए हैं।

## फुटबॉल

# पीएसजी ने फ्लेमेंगो को हराकर इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीता



एजेंसी ▶▶| दोहा

मात्वेई सफोनोव ने पेनल्टी शूटआउट में लगातार चार पेनल्टी बचाई जिससे पेरिस सेंट जर्मेन ने इंटरकॉन्टिनेंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में फ्लेमेंगो को हराकर वर्ष 2025 में अपनी छठी ट्रॉफी जीती।

निर्धारित और अतिरिक्त समय के बाद स्कोर 1-1 से बराबर था जिसके बाद पीएसजी ने पेनल्टी शूटआउट में 2-1 से जीत हासिल की। पीएसजी ने इस तरह से वर्ष 2025 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उसने इससे पहले डेस चैंपियंस, फ्रेंच लीग, फ्रेंच कप, चैंपियंस लीग और यूईएफए सुपर कप जीता था।

ख्विचा क्वारात्स्खेलिया ने 38वें मिनट में पीएसजी को बढ़त दिलाई, जिसके बाद 62वें मिनट में जोर्जिन्हो ने पेनल्टी को गोल में बदलकर ब्राजील के क्लब फ्लेमेंगो को बराबरी दिलाई। मैच खत्म होते ही रूसी गोलकीपर सफोनोव को उनके साथियों ने हवा में उछाल दिया।

### ईगल्स ने डब्ल्यूटीएल में काइट्स को हराया

**बेंगलुरु।** सुमित नागल और पाउला बाडोसा के शानदार प्रदर्शन से ईगल्स ने यहां काइट्स को हराकर विश्व टेनिस लीग में फाइनल की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। नागल ने बेहद कड़े मुकाबले में दक्षिणेश्वर सुरेश को 40 मिनट में 7-6 से हराकर ईगल्स को विजयी शुरुआत दिलाई। बाडोसा ने महिला एकल के एकतरफा मुकाबले में मार्टा कोस्त्युक को 6-1 से शिकस्त दी। बाडोसा ने इसके बाद गेल मोनफिल्स के साथ मिलकर दक्षिणेश्वर और कोस्त्युक की जोड़ी को 6-3 से हराया। पुरुष युगल में भी मोनफिल्स और नागल ने निक किर्गियोस और दक्षिणेश्वर को 6-3 से हराकर ईगल्स की 25-13 से जीत सुनिश्चित की।

## भारतीय निशानेबाजी लीग

# नई फ्रेंचाइजी यूपी प्रोमेथियंस निशानेबाजी लीग में शामिल




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगले साल 16 से 26 फरवरी तक होने वाली भारतीय निशानेबाजी लीग में गुरुवार को यूपी प्रोमेथियंस के रूप में नई फ्रेंचाइजी को शामिल किया गया। यह टीम नोएडा स्थित प्रोमेथियस स्कूल की है।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव ने कहा, ''उत्तर प्रदेश में खेल की अपार संभावनाएं हैं तथा एक मजबूत शैक्षणिक और विकास के मूल मंत्र से से प्रेरित फ्रेंचाइजी के जुड़ने से लीग का महत्व बढ़ गया है।''एसएलआई में पिस्टल, राइफल और शॉटगन की स्पर्धाओं में मिश्रित टीम प्रारूप में खेलने वाले शीर्ष भारतीय और अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज भाग लेंगे।

### कई श्रेणियों में टीम स्पर्धाएं होंगी

इस प्रतियोगिता में कई श्रेणियों में टीम स्पर्धाएं होंगी। इनमें पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर 3 पोजीशन) और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) शामिल हैं। लीग चरण के लिए टीमों को दो वर्ग में बांटा जाएगा जिसके बाद नॉकआउट राउंड के मुकाबले होंगे। खिलाड़ियों का चयन चार श्रेणियों एलीट चैंपियंस, वर्ल्ड एलीट, राष्ट्रीय चैंपियन तथा जूनियर एवं युवा में किया जाएगा। इस तरह से अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टार खिलाड़ियों, भारतीय निशानेबाजों और उभरती प्रतिभाओं के संयोजन वाली टीम तैयार की जाएंगी।

### केतन ने 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण जीता

**नई दिल्ली।** हरियाणा की केतन मलिक पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर जैसी दिग्गज को हराकर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में राष्ट्रीय चैम्पियन बन गई। केतन ने 240 का स्कोर करके स्वर्ण पदक जीता। दिल्ली की मीनू पाठक को रजत और सुरभि राव को कांस्य पदक मिला। जूनियर महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश की वंशिका चौधरी ने स्वर्ण, अंजलि शेखावत ने रजत और एशियाई खेल चैम्पियन पलक गूलिया ने कांस्य पदक जीता। सेना निशानेबाजी ईकाई की लक्षिता बिश्नोई ने युवा वर्ग में खिताब जीता। रश्मिका सहगल को रजत और संस्कृति बाना को कांस्य पदक मिला। क्वालीफिकेशन में 900 से अधिक निशानेबाजों ने भाग लिया था जिसमे गूलिया और भाकर शीर्ष पर रही थी।फाइनल में भाकर 137 . 2 स्कोर करके सातवें स्थान पर रही।

### अस्पताल से घर वापस लौटे यशस्वी, न्यूजीलैंड सीरीज में वापसी की उम्मीद

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई की ओर से हिस्सा ले रहे थे। पुणे में राजस्थान के खिलाफ मैच के बाद उन्हें पेट दर्द की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अब खबर है कि जायसवाल अस्पताल से अपने घर मुंबई लौट आए हैं। जायसवाल को 7 से 10 दिन के आराम की सलाह दी गई है। जायसवाल की न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में वापसी करने की उम्मीद है। बता दें कि न्यूजीलैंड को भारत दौरे पर 3 मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है। इसका पहला मुकाबला 11 जनवरी, 2026 को खेला जाएगा। आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं। जायसवाल को मैच के दौरान पेट में ऐंठन महसूस हुई, जो मुकाबले के बाद और बढ़ गई। इसके बाद उन्हें पिंपरी-चिंचवड स्थित आदित्य बिड़ला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें फूड पॉइजनिंग के कारण पेट और आंतों में सूजन होने की पुष्टि की थी।



# अब वर्ल्ड कप फुटबॉल विजेता को मिलेंगे पांच करोड़ डॉलर

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने बुधवार को घोषणा की कि 2026 में होने वाले विश्व कप के विजेता को 655 मिलियन डॉलर की कुल पुरस्कार राशि में से 50 मिलियन डॉलर (पांच करोड डॉलर) मिलेंगे। अर्जेंटीना को 2022 में चैंपियन बनने पर 42 मिलियन डॉलर और फ्रांस को 2018 में विश्व कप जीतने पर 38 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि मिली थी। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने अगले विश्व कप में पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए समान पुरस्कार राशि का लक्ष्य निर्धारित किया है। विश्व कप 2026 की कुल पुरस्कार



राशि ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2023 में खेले गए महिला विश्व कप की 110 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि से लगभग छह गुना अधिक होगी।

### महिला विश्व कप 2027 में किसको कितना मिलेगा

अगला महिला विश्व कप 2027 में ब्राजील में होगा। विश्व कप 2026 में कुल 48 टीम भाग लेंगी। ग्रुप चरण में बाहर होने वाली टीमों को नौ मिलियन डॉलर, अगले दौर में पहुंचने वाली टीमों को 11 मिलियन डॉलर और राउंड ऑफ 16 में पहुंचने वाली टीमों को 15 मिलियन डॉलर मिलेंगे। क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली टीमों को 19 मिलियन डॉलर, चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को 27 मिलियन डॉलर, तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 29 मिलियन डॉलर और फाइनल में हारने वाली टीम को 33 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी।

## एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के साथ चल रहा तीसरा टेस्ट

# इंग्लैंड की पारी लड़खड़ाई, 8 विकेट पर 213 रन

एजेंसी ▶▶| एडिलेड

एशेज सीरीज 2025-26 के तीसरे एडिलेड टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने अपनी पहली पारी में सभी विकेट खोकर 371 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने दूसरे दिन के खेल की समाप्ति तक 8 विकेट खोकर 213 रन बना लिए। दूसरे दिन के स्टम्प्स तक क्रीज में कप्तान बेन स्टोक्स (45) और जोफ्रा आर्चर (30) बने हुए हैं। आइए दूसरे दिन के खेल पर एक नजर डालते हैं।

### स्टार्क ने लगाया अर्धशतक

कल के स्कोर 326/8 से आगे खेलने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम से मिचेल स्टार्क ने अपना अर्धशतक पूरा किया। कल के दिन 33 रन बनाकर नाबाद रहने वाले स्टार्क 54 रन की पारी खेलकर नौवें विकेट के रूप में आउट हुए। आखिर में नाथन लियोन (9) आउट होने वाले आखिरी ऑस्ट्रेलियाई बने। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पारी में 91.2 ओवर बल्लेबाजी की और दूसरे दिन के पहले सत्र के दौरान मेजबान टीम सिमट गई।

### ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए 371 रन



### आर्चर ने की उम्दा गेंदबाजी

आर्चर ने 20.2 ओवर गेंदबाजी की और 5 मेडन के साथ 53 रन देकर 5 विकेट चटकाए। उनकी इकॉनमी रेट 2.60 की रही। इस खिलाड़ी ने जेक वेदराल्ड (18), मार्नस लाबुशेन (19), कैमरून ग्रीन (0), स्टार्क (54) और लियोन (9) को अपना शिकार बनाया। यह एशेज सीरीज में आर्चर का तीसरा 5 विकेट हॉल रहा। आर्चर के अलावा ऑस्ट्रेलिया की पारी में ब्रायडन क्रॉस और विल जैक्स ने 2-2 विकेट लिए। जोश टंग ने 1 सफलता हासिल की।

### रूट को सर्वाधिक बार आउट करने वाले गेंदबाज बने पेट कमिंस

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बल्लेबाज जो रूट ने ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ एशेज सीरीज के तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन सिर्फ 19 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कंगारू टीम के कप्तान और तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने पवेलियन की राह दिखाई। इसके साथ ही उन्होंने रूट को टेस्ट में कुल 12वीं बार आउट किया है और वह उन्हें सर्वाधिक बार आउट करने वाले विरोधी गेंदबाज बन गए हैं। कमिंस ने तोड़ा बुमराह और स्टार्क का रिकॉर्ड कमिंस ने जसप्रीत बुमराह और मिचेल स्टार्क को पीछे छोड़ दिया है। इन गेंदबाजों ने रूट को टेस्ट क्रिकेट में 11-11 बार आउट किया है। जोश हेजलवुड ने इंग्लैंड के इस दिग्गज बल्लेबाज को 10 बार आउट किया था। कमिंस चोटिल होने के कारण सीरीज के पहले 2 टेस्ट मैच नहीं खेले थे।

# समुद्र के 1200 फीट नीचे बन रही है दुनिया की सबसे गहरी सड़क

एजेंसी ▶▶| ओस्लो

नॉर्वे अपनी सड़क को पूरी तरह से नाव-मुक्त बनाने की कोशिश रहा है। इसी बड़े प्लान का हिस्सा है यह रोगफास्ट सुरंग। उम्मीद है कि यह सुरंग साल 2033 तक बनकर पूरी हो जाएगी। यह सुरंग बर्गन और स्टावांगर जैसे बड़े शहरों को आपस में जोड़ेगी। अभी भी इन शहरों के बीच जाने में जो समय लगता है सुरंग बनने के बाद वह 40 मिनट कम हो जाएगा। इस गहराई में सड़क बनाना आसान काम नहीं है और वैज्ञानिकों के सामने बड़ी चुनौतियां हैं जैसे समुद्र के नीचे इतनी गहराई पर बहुत भारी दबाव होता है।

## 10 घंटों में पूरा होगा 21 घंटे का सफर



### बार-बार नाव की जरूरत नहीं

नॉर्वे एक बहुत बड़ा प्रोजेक्ट बना रहा है जिसे ई39 राजमार्ग कहा जाता है। इसका लक्ष्य दक्षिण के शहर क्रिस्टियनसैंड को उत्तर के ट्रॉनहेम से जोड़ना है। अभी नॉर्वे के पश्चिमी तट पर सफर करना बहुत मुश्किल है, रास्ते में सात बार समुद्र आता है जिसे पार करने के लिए नाव का इंतजार करना पड़ता है। इसके बनने के बाद सुरंगों का पुलों के बनने से लोगों को बार-बार नाव की जरूरत नहीं होगी और समय 10-11 घंटे ही रहे जाएगा।



### कितना मुश्किल है सुरंग को बनाना?

दुनिया की सबसे लंबी और गहरी सुरंग बनाना इंजीनियरों के लिए किसी बड़ी परीक्षा से कम नहीं है। काम करने वाली टीमें सुरंग के दोनों छोर से खुदाई शुरू तरती है। लक्ष्य यह है कि जब दोनों टीमें मिले उनमें 5 सेंटीमीटर से ज्यादा का अंतर न हो। इतनी लंबी सुरंग में सटीक निशाना लगाना बहुत बड़ी बात है।

### खारा पानी बन सकता है बड़ी समस्या

समुद्र के नीचे होने की वजह से खारा पानी सुरंग में रिस सकता है। वैज्ञानिक इसे रोकने के लिए लेजर स्कैनर जैसी मशीनों का इस्तेमाल कर रहे हैं। सुरंग जब अपनी पूरी गहराई पर पहुंचेगी तो वहां पानी का दबाव 570 पीएसआई होता। यह दबाव इतना ज्यादा है कि बिना मजबूत के कोई भी चीज चिपक सकती है। हाई-टेक मशीनों का इस्तेमाल सटीकता बनाए रखने के लिए इंजीनियर लेडर गाइडेंस और कंप्यूटर मशीनों का इस्तेमाल हो रहा है।

### कब तक बनकर होगा तैयार?

इस पूरे प्रोजेक्ट के 2050 तक पूरा होने की उम्मीद है। जब यह हाइवे और सुरंग पूरी तरह तैयार हो जाएंगी तो नॉर्वे के लोगों के सफर करने का तरीका पूरी तरह बदल जाएगा। इसका पहला बड़ा फायदा होगा कि पूरा देश आपस में बहुत ही अच्छी तरह जुड़ जाएगा। इसके अलावा ट्रांसपोर्ट का नया तरीका भी पर्यावरण के लिए भी बहतर होगा।


# मंगल पर लॉन्ग ड्राइव के लिए तैयार है नासा का रोवर

वॉशिंगटन। नासा का परसेवरेंस रोवर पिछले लगभग 5 सालों से मंगल ग्रह की पथरीली और धूल भरी सतह पर घूम रहा है। इस दौरान इसने करीब 40 किलोमीटर का सफर तय कर लिया है। अब वैज्ञानिकों ने इसकी गहराई से जांच की है और जो नतीजे सामने आए हैं, वे हैरान करने वाले हैं। मंगल ग्रह का वातावरण बहुत ही कठिन है, क्योंकि वहां कड़ाके की ठंड, धूल भरी आंधियां और उबड़-खाबड़ रास्ते हैं। ऐसे में रोवर की मशीनों को सही सलामत रखना बड़ी चुनौती है। नासा की जेपीएल टीम ने रोवर के लगभग हर हिस्से की जांच की।

### क्या रहा टेस्ट का नतीजा?

रोवर के पहियों को घूमाने वाले पुर्जो (जिन्हें रोटरी एक्चुएटर कहा जाता है) का टेस्ट किया गया। इस टेस्ट में रोवर पूरी तरह सफल रहा और वैज्ञानिकों ने पुष्टि की है कि रोवर अभी 60 किलोमीटर और चलने के लिए तैयार है। यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि इससे मिशन की समयसीमा काफी बढ़ गई है।

**कड़ाके की ठंड में भी जारी रखेगा सफर**




### कब तक कर सकेगा काम?

रोवर इंजीनियरों के अनुसार, परसेवरेंस रोवर की बनावट और इंजीनियरिंग इतनी शानदार है कि यह साल 2031 तक मंगल ग्रह पर काम कर सकता है। हाल ही में 19 जून 2025 को इस रोवर ने एक ही दिन में 411.7 मीटर की दूरी तय करके अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया था। इसके कैमरों ने इस यात्रा का डेटा धरती पर भेजा जिसकी मदद से वैज्ञानिकों ने मंगल के रास्तों का 3डी मॉडल बनाया।

### क्या खोज कर रहा है रोवर?

परसेवरेंस रोवर इस समय मंगल ग्रह के जेजेरो क्रेटर के इलाके में है। माना जाता है कि अरबों साल पहले यहां एक बड़ी झील और नदी हुआ करती थी। रोवर के मुख्य काम की बात करें तो, इसका काम यह पता लगाना है कि क्या कभी मंगल पर जीवन मौजूद था या नहीं।



### चेयावा फॉल्स के पास रोवर को क्या मिला?

रोवर ने चेयावा फॉल्स नाम की एक खास चट्टान का नमूना लिया है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि इस चट्टान के अंदर प्राचीन जीवन के कुछ निशान मिल सकते हैं। यह रोवर अब लैक डे चार्म्स नाम के एक नए और रोमांचक इलाके की तरफ बढ़ रहा है। इंजीनियर अब रोवर के ब्रेक सिस्टम की जांच कर रहे हैं। जेपीएल के उप-परियोजना प्रबंधक स्टीव ली ने बताया कि, रोवर की स्थिति एक्सीलें है और इसके सभी सिस्टम मंगल ग्रह के अनछुए हिस्सों की खोज करने के लिए पूरी तरह तैयार है।




# 1.3 करोड़ सैलरी, फिर भी नौकरी करने से कतरा रखा शख्स

**न्यूयार्क।** एजुकेशन पूरी होने के बाद हर कोई चाहता है कि उसको अच्छे पैकेज वाली जॉब मिले, लेकिन यह उनकी डिग्री और स्किल पर निर्भर करता है।कई मामलों में मोटी सैलरी का पैकेज मिलने के बाद भी नौकरीपेशा लोग इस पर विचार करने की बात करते हैं। दुनियाभर में अलग-अलग तरह के काम हैं और इन कामों का वेतन वर्क नेचर के आधार पर तय किया गया है। इसमें कई अनकंफर्टेबल काम भी होते हैं, तो कुछ ऑफिस वर्क। अब रेडिट पर वायरल एक पोस्ट ने लोगों को अचंभे में डाल दिया है। इस पोस्ट में बताया गया है कि एक शख्स को 1.3 करोड़ रुपए की सैलरी वाली जॉब मिली है। इसमें उसे रहना और खाना सब फ्री मिलेगा, लेकिन यह शख्स इस नौकरी को करने या ना करने पर लोगों की सलाह मांग रहा है।



### क्या है और कहां मिली जॉब?

रेडिट यूजर इस दुविधा में है कि उसे यह जॉब करनी चाहिए या नहीं। दरअसल, 29 साल का यह शख्स एक पर्यावरण रिसर्च सेंटर में काम करता है। इस जॉब में उसे बर्फीले महाद्वीप पर स्थित मैक्मुर्डो स्टेशन पर तैनात होना है। इस काम के लिए उसे मोटी सैलरी भी मिलेगी, लेकिन अब यह युवक दुविधा में फंस गया है।




# आज धरती के करीब होगा रहस्यमय धूमकेतु 3I/ एटलस



**वॉशिंगटन।** 19 दिसंबर को एक अनोखा धूमकेतु (कॉमेट) धरती के पास से गुजरेगा, जिसका नाम 3I/ एटलस है। यह हमारे सौरमंडल का नहीं है, बल्कि सोलर सिस्टम के बाहर से आया है। वैज्ञानिकों के लिए यह इस बाहरी मेहमान को करीब से समझने का मौका है। 1 जुलाई को चिली की एटलस दूरबीन ने इसकी खोज की थी, जो अंतरिक्ष से आने वाला तीसरा धूमकेतु है। इससे पहले ओमुआमुआ और बोरिसोव नाम के यात्री सौरमंडल में आए थे। यह कॉमेट दूर अंतरिक्ष से आया है और वहीं वापस चला जाएगा। बता दें कि यह तेजी से धरती की तरफ बढ़ रहा है।

**वैज्ञानिकों के लिए बाहरी मेहमान को करीब से समझने का है मौका**

### एलियन होने की बातें आई थी सामने

पहले अटकलें लगाई जा रही थीं कि क्या यह कोई एलियन जहाज है? लेकिन नासा ने इस बात को पूरी तरह से खारिज कर दिया था और कहा था कि यह सिर्फ एक बर्फीला पिंड है। जैसे-जैसे यह सूरज के करीब आता है, इसकी चमक और भी बढ़ती जाती है। अच्छी बात यह है कि इस कॉमेट से धरती को कोई खतरा नहीं है। यह हमसे दूर ही रहेगा और कम से कम 27 करोड़ किमी की दूरी से गुजरेगा।

### क्या इसे देखा जा सकता है?

आप इस धूमकेतु को नंगी आंखों से नहीं देख सकते। इसे देखने के लिए आपको एक छोटी दूरबीन या टेलीस्कोप की जरूरत होगी। इसे देखने का सबसे अच्छा समय सुबह होने से पहले का है और आसमान में कन्या और सिंह के पास दिखाई देगी। इसे देखने के लिए शहर की रोशनी से दूर किसी अंधेरी जगह पर जाना सही रहेगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com